

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 81 रांची, सोमवार, 02 मार्च, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### एलओसी पार से पुंछ में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, भारतीय सेना ने फायरिंग कर खदेड़ा

**जम्मू।** एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत की गई, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी ड्रोन भेजा गया। रविवार तड़के डिगवार इलाके में तैनात भारतीय सेना के जवानों ने उक्त संदिग्ध ड्रोन को देखते ही तुरंत जवाबी फायरिंग की। जानकारी अनुसार पाकिस्तानी ड्रोन रविवार सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर भारतीय क्षेत्र में दाखिल होता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद सेना ने दर्जनभर से अधिक राउंड फायर करके वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। इस संबंध में सैन्य अधिकारियों ने मीडिया को बताया, कि भारतीय सीमा पर घुसा ड्रोन सेना की गोलीबारी से बच निकला। आसमान में मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की ओर वापस चला गया। यह दूसरी बार हुआ जबकि तीन दिनों के भीतर सीमा पार से ड्रोन गतिविधि देखी गई है, जिसके चलते भारतीय सेना को कड़े कदम उठाने पड़े हैं।

### 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में तीन करोड़ वोटर के नाम कटे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल समेत 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद वोटर लिस्ट जारी कर दिये गये हैं। इन सभी राज्यों में 3 करोड़ से अधिक मतदाता कम हो गये हैं। अकेले पश्चिम बंगाल में 63 लाख से अधिक वोटर के नाम मतदाता सूची से गायब हो गये हैं। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 8 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों की मतदाता सूची में लगभग 3.13 करोड़ मतदाताओं के नाम कम कट गये हैं। उत्तर प्रदेश को छोड़कर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्यप्रदेश और गोवा की अंतिम मतदाता सूची अब तक प्रकाशित हो चुकी है।

### शौचालय की टंकी में उतरे चार लोगों की दम घुटने से मौत

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र में रविवार को जहां लोग रंगों के पर्व होली की तैयारी में जुटे थे, वहीं एक बड़े हादसे ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी। वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के अनवरपुर गांव में हुए हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि गांव के प्रियांशु कुमार अपने घर की शौचालय की टंकी को साफ करवा रहे थे। इसी दौरान पैर फिसल जाने के कारण वे टंकी में गिर गए और बेहोश हो गए। उन्हें बचाने के क्रम में अन्य छह लोग भी टंकी में उतर गए और सभी बेहोश होते चले गए। ग्रामीणों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

# खामेनेई की मौत के बाद बेटे मोजतबा ने संभाली देश की कमान

## तेहरान स्थित सर्वोच्च नेता के दफ्तर को निशाना बनाकर किए गए भीषण हवाई हमले में 86 वर्षीय अली खामेनेई की गई जान

**ईरान की सरकार ने राष्ट्रीय क्षति पर 40 दिनों के शोक का किया है ऐलान**

**सात दिनों की देशव्यापी सार्वजनिक छुट्टी घोषित**

**एजेंसी**



**तेहरान।** ईरान के राजनीतिक गलियारों और वैश्विक कूटनीति में उस समय हड़कंप मच गया जब तेहरान से सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत की आधिकारिक पुष्टि हुई। सरकारी सूचनाओं के अनुसार, 28 फरवरी को तेहरान स्थित सर्वोच्च नेता के दफ्तर को निशाना बनाकर किए गए एक भीषण हवाई हमले में 86 वर्षीय अली खामेनेई की जान चली गई। बताया जा रहा है कि यह हमला सीधे तौर पर ईरान के सबसे सुरक्षित और महत्वपूर्ण सरकारी ठिकानों को ध्वस्त करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अप्रत्याशित घटना के तुरंत बाद ईरान की सत्ता संरचना में तेजी से बदलाव करते हुए उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सर्वोच्च नेता चुन लिया गया है। ईरान की सरकार ने इस राष्ट्रीय क्षति पर 40 दिनों के शोक का ऐलान किया है और सात दिनों की देशव्यापी सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दी गई है।

### पहली बार वर्ष 2009 में वैश्विक चर्चा में आए थे खामेनेई

मोजतबा खामेनेई पहली बार वर्ष 2009 के राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान वैश्विक चर्चा में आए थे, जब उन पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई का नेतृत्व करने के आरोप लगे थे। सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ उनके गहरे संबंधों ने ही उन्हें सत्ता के शीर्ष तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके चयन के साथ ही ईरान के भीतर एक नई राजनीतिक बहस भी छिड़ गई है। आलोचकों का तर्क है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति का मूल आधार ही वंशवाद का विरोध करना था, लेकिन अब सत्ता का पिता से पुत्र के हाथ में जाना उस क्रांतिकारी विचार पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल सैन्य नेतृत्व के पूर्ण समर्थन के कारण मोजतबा की स्थिति बेहद मजबूत नजर आ रही है। अब पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि मोजतबा खामेनेई का नेतृत्व ईरान की विदेश नीति और मध्य पूर्व में चल रहे मौजूदा युद्ध को किस दिशा में लेकर जाता है।

### पूरे ईरान में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

वर्तमान में पूरे ईरान में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है। राजधानी तेहरान सहित सभी बड़े शहरों और संवेदनशील सरकारी इमारतों के बाहर अतिरिक्त सुरक्षा बलों और रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की तैनाती की गई है ताकि किसी भी तरह के आंतरिक विद्रोह या बाहरी हस्तक्षेप को रोका जा सके। नए सर्वोच्च नेता के रूप में मोजतबा खामेनेई का उदय ईरान के भविष्य के लिए एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। 1969 में मशहद शहर में जन्मे मोजतबा ने कट्टर धार्मिक परिवेश में शिक्षा प्राप्त की है और ईरान-इराक युद्ध के अंतिम दौर में रिवोल्यूशनरी गाड्र्स में अपनी सेवाएं भी दी हैं। हालांकि, उन्होंने कभी कोई औपचारिक सरकारी पद नहीं संभाला, लेकिन वे दशकों से अपने पिता के सबसे भरोसेमंद सलाहकार और पर्दे के पीछे रहकर बड़े फैसले लेने वाले रणनीतिकार के रूप में जाने जाते रहे हैं।

### खामेनेई की मौत के बाद ट्रंप बोले - ईरानी सैनिक सरेंडर कर दें, नहीं तो तय है मौत

**एजेंसी**



**वॉशिंगटन। मध्य** पूर्व में जारी भीषण युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक विस्तृत बयान जारी करते हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। ट्रंप ने अपने संदेश में खामेनेई को इतिहास के सबसे क्रूर व्यक्तियों में से एक करार देते हुए कहा कि इजरायल और अमेरिका के एक बेहद सटीक और आधुनिक खुफिया ऑपरेशन ने ईरानी नेतृत्व को नेस्तनाबूद कर दिया है। ट्रंप ने इसे न केवल ईरान के लोगों के लिए, बल्कि उन सभी वैश्विक नागरिकों के लिए न्याय बताया है जिन्हें खामेनेई के शासन ने वर्षों तक प्रताड़ित किया था। इस सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में भारी खलबली मचने की खबरें हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी), नियमित सेना और पुलिस बल के कई सदस्य अब युद्ध जारी रखने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी सुरक्षा बलों के कई वरिष्ठ अधिकारी और सैनिक अब अपनी जान बचाने के लिए अमेरिका से सुरक्षा और माफी की गुहार लगा रहे हैं। ट्रंप ने उन्हें सीधा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जो सैनिक अभी सरेंडर करेंगे, उन्हें माफी मिल सकती है, लेकिन बाद में उन्हें केवल मौत का सामना करना पड़ेगा।

# नागपुर के काटोल स्थित बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, 17 लोगों की मौत, कई गंभीर

## हादसे में मरने वालों की बढ़ सकती है संख्या

**एजेंसी**



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के काटोल में स्थित बारूद बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विस्फोट रविवार सुबह 1 मार्च को काटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक कार्यों के लिए विस्फोटक पदार्थ बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। घटना के संबंध में मीडिया को जानकारी दे रहे नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया, कि कंपनी में बारूद बनाए जाने का कार्य किया जा रहा था, तभी अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना में 17 लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। कई गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट होने के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने का काम किया जा रहा है।

विस्फाट की जानकारी लेते हुए मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रशासन से तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही जिला कलेक्टर घटनास्थल के लिए रवाना हुए। इस बीच दावा किया जा रहा, कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जिस कंपनी में विस्फोट की घटना घटित हुई वह नागपुर शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना था, कि विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के ही नहीं बल्कि दूर-दराज के लोग भी सहम गए। विस्फोट होने के बाद आग लगी जिसके बाद कंपनी के अंदर मौजूद कर्मचारियों और मजदूरों में भगदड़ मच गई। इनमें कुछ लोग तो अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहे, जबकि कई अंदर ही फंसे रह गए और उनकी मौत जलने से हो गई। आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मीडिया को बताया, कि बारूद फैक्टी में विस्फोट की खबर मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

### पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा

**महाराष्ट्र** के नागपुर में एक कारखाने में हुए भीषण विस्फोट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा की गयी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, महाराष्ट्र के नागपुर स्थित एक कारखाने में हुआ विस्फोट अत्यंत दुखद है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई है। प्रत्येक मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घटना में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## भारत ने ईडन गार्डन्स में रचा सबसे बड़े रन चेज का विश्व रिकॉर्ड

# वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा

**एजेंसी**




**कोलकाता।** भारतीय टीम ने रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बाद भारत अंतिम चार में पहुंचने वाली चौथी और आखिरी टीम बन गया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में छठी बार है जब भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 195 रन बनाए। जवाब में भारत ने 4 गेंद शेष रहते 196 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने ईडन गार्डन्स में टी20 में सबसे बड़े सफल रन चेज का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले यहां 158 रन का सबसे बड़ा चेज दर्ज था, जो भारत ने ही वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।

**सैमसन की ऐतिहासिक पारी**

जब कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन सस्ते में आउट हो गए, तब संजू सैमसन ने जिम्मेदारी संभाली। सैमसन ने 97 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने शुरूआत से अंत तक क्रीज पर टिके रहकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलकर सहयोग दिया, मगर असली हीरो सैमसन ही रहे। आखिरी दो ओवरों में भारत को 17 रन की जरूरत थी। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्दिक पांड्या 17 रन बनाकर आउट हो गए।

## साणंद आज विकास और नवाचार का एक जीवंत केंद्र बन गया : पीएम

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद दौरे के बाद यहां के लोगों की तारीफ की है। पीएम मोदी ने रविवार को एक्स पर रोड शो का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने शनिवार को साणंद में रोड शो किया था। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा- साणंद ने पिछले कई सालों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। पहले इसे कुछ लोग एक साधारण जगह मानते थे, लेकिन आज यह विकास और नवाचार का एक जीवंत केंद्र बन चुका है। इससे पहले शनिवार को पीएम मोदी ने साणंद में माइक्रोन एटीएमपी केंद्र का उद्घाटन किया था। वाणिज्यिक उत्पादन की शुरूआत का प्रतीक यह ऐतिहासिक आयोजन, वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्व की ओर भारत की यात्रा में एक अहम उपलब्धि है। इस परियोजना का शिलान्यास सितंबर 2023 में हुआ था और यह इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्वीकृत होने वाला पहला प्रस्ताव था। इसे 22,500 करोड़ रुपए से ज्यादा के कुल परिव्यय के साथ, निर्माण कार्य स्वीकृति के तुरंत बाद शुरू किया गया। इससे देश में रणनीतिक सेमीकंडक्टर निवेश को गति देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का पता चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साणंद में हम एक नए भविष्य की शुरूआत देख रहे हैं। माइक्रोन के एटीएमपी केंद्र में वाणिज्यिक उत्पादन की शुरूआत वैश्विक प्रौद्योगिकी मूल्य श्रृंखला में भारत की भूमिका को मजबूत करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने नए भारत की मानसिकता उल्लेख किया, जहां नीति से उत्पादन की ओर परिवर्तन अभूतपूर्व गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने जटिल नियामक प्रक्रियाओं को काफी हद तक सरल बना दिया है और कुछ ही महीनों में अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों को सफलतापूर्वक मंजूरी दे दी है।

### रांची में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर संचालित देह व्यापार रैकेट के खिलाफ पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए कई थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पांच युवतियों और तीन युवकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को जानकारी मिली थी कि राजधानी के लालपुर, चुटिया सहित विभिन्न इलाकों में संगठित तरीके से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है। सूचना के अनुसार रैकेट में दो दर्जन से अधिक युवतियां शामिल थीं, जिन्हें होटलों और किराए के मकानों में रखकर अवैध गतिविधियां कराई जा रही थीं।

# ईरान-इजराइल संकट से भारत की 850 उड़ानें रद्द

## यात्रियों में हाहाकार : भारत सहित पूरी दुनिया में उड़ानों पर गहरा असर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हालिया सैन्य हमलों के बाद मध्य पूर्व (मिडल ईस्ट) में उपजे तनाव ने वैश्विक हवाई यातायात की कमर तोड़ दी है। युद्ध की विभीषण स्थिति को देखते हुए कई देशों द्वारा अपना हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) बंद किए जाने के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों पर गहरा असर पड़ा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, ईरान और आसपास के क्षेत्रों में लगे हवाई प्रतिबंधों के चलते शनिवार को भारतीय एयरलाइंस की लगभग 410 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। वहीं, संकट की गंभीरता को देखते हुए रविवार 1 मार्च को भी 444 अन्य उड़ानों के रद्द होने की आशंका है, जिससे कुल प्रभावित उड़ानों का आंकड़ा 850 के पार पहुंचने का अनुमान है।



यह वैश्विक विमानन संकट 28 फरवरी को उस समय शुरू हुआ जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के रणनीतिक ठिकानों पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने भी मिसाइलें दागकर जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा कारणों से ईरान, इराक, कुवैत, बहरीन, कतर, इजराइल, जॉर्डन, लेबनान, सऊदी अरब, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे महत्वपूर्ण देशों ने अपने आसमान को विमानों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। फ्लाइट ट्रैकिंग सेवाओं के मुताबिक, इन क्षेत्रों में हवाई यातायात लगभग ठप हो गया है, जिससे दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे दुनिया के सबसे व्यस्त हब एयरपोर्ट्स पर सन्नाटा पसरा है। लाखों यात्री दुनिया भर के हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और अपनी मंजिलों तक पहुंचने के लिए अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। भारत में विमानन नियामक संस्था डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविगेशन (डीजीसीए) ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक्शन लिया है। डीजीसीए ने भारतीय एयरलाइंस को सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए 2 मार्च तक प्रभावित 11 देशों के हवाई क्षेत्र का उपयोग न करने की सलाह दी है। इस निर्देश के बाद इंडिगो, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट जैसी प्रमुख कंपनियों ने खाड़ी देशों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं।

# भारतीय विदेश मंत्रालय ने ताजा घटनाओं पर जताई चिंता

**भारत ने जारी की एडवाइजरी भारतीय सतर्क रहें और मिशनों के संपर्क में रहें**

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** भारत ने मिडिल ईस्ट में हालात पर चिंता जताते हुए कहा है कि सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ताजा घटनाओं से बहुत चिंतित हैं। हम दोनों पक्षों को संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की गुजारिश करते हैं। सभी पक्षों को डायलॉग और डिप्लोमेसी का रास्ता अख्तियार करना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में हमारे मिशन सभी भारतीय नागरिकों के साथ हैं और एडवाइजरी जारी कर कहा गया है कि वे सतर्क रहें, मिशनों के संपर्क में रहें और स्थानीय सुरक्षा गाइडलाइंस का पालन करें। पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए भारत ने ना केवल ईरान और इजराइल बल्कि दूसरे देशों के लिए भी सलाह जारी की है। बता दें ईरान को लेकर भारत सरकार पहले से ही तीन एडवाइजरी जारी कर चुकी है। इजराइल में कुल दस हजार भारतीय रहते हैं जिनमें से चार हजार छात्र हैं। भारतीय दूतावास ने कतर में रहने वाले सभी भारतीयों से उचित सावधानी बरतने के लिए कहा है। सैन्य स्थानों से दूर रहने और घरों के अंदर रहने को कहा है। यूएई और फलस्तीन स्थित भारतीय मिशनों ने अडवाइजरी जारी कर भारतीयों से सावधान रहने को कहा है। माना जा रहा है कि हालात अगर बिगड़ते हैं तो भारत अपने नागरिकों को निकालने के लिए इवैक्युएशन ड्राइव की अगुवाई कर सकता है। भारत के लिए पश्चिम एशिया क्षेत्र अहम है। इस क्षेत्र में करीब 9-10 मिलियन भारतीय रहते हैं। यही वजह है कि दो दिन पहले ही इजराइल में पीएम मोदी ने कहा था कि मध्य एशिया की स्थिरता और शांति से भारत के हित जुड़े हैं। उन्होंने डायलॉग और डिप्लोमेसी से सभी विवादों को हल करने के लिए कहा था।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक, जमकर उड़े गुलाल

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** होली और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन कुमार एवं मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने एवं संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों एवं शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं अलर्ट रहेगा।उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट न डाले।यदि किसी प्रकार की संदिग्ध सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हमेशा से आपसी सौहार्द के साथ सभी पर्व-त्योहार मनाए जाते रहे हैं और प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार भी होली एवं ईद शांति और भाईचारे के साथ संपन्न होंगे। उन्होंने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक को जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, मुखिया सीमा कुमारी, भरत मुंडा ,नरोत्तम गोराई, कमल किशोर कुशवाहा, कमलेश दुबे आदि ने भी सम्बोधित किया। उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि क्षेत्र में होली और ईद का पर्व पारंपरिक उत्साह, आपसी सम्मान और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। बैठक के उपरांत थाना परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे जमकर गुलाल लगाए एवं होली की शुभकामनाएं दी। बैठक में एस आई रामदेव यादव, मुकेश कुशवाहा, रविकुमार वर्मा, अरुण कुमार यादव, उदय कुमार सिंह, एएसआई ऊषा कुमारी, बिनोद चौधरी, डोली बाला, क्षमुखिया शर्मिला कुमारी, भवानी देवी, संजय भगत, जितेंद्र प्रसाद साव, मनोज रजक, हरे कृष्ण कोइरी, मुरलीधर करमाली, सहाबुद्दीन अंसारी, जफरुद्दीन मोमीन, सुभाष सिंह, चंद्र मोहन महतो, मंजूर आलम, प्रमोद गुप्ता आदि उपस्थित थे।




# होली भाईचारे, प्रेम और एकता का पर्व : अंबा प्रसाद

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़/रांची।** साहू भवन ट्रस्ट, रामगढ़ के तत्वावधान में साहू धर्मशाला, रामगढ़ कैंट में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुईं। उनके साथ समाजसेवी डॉ. जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, शिव किशोर शर्मा और रूपेश कुमार गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अंबा प्रसाद ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और एकता का पर्व है। यह त्योहार हमें सभी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है और ऐसे आयोजन आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाते हैं। समारोह के दौरान फगुआ गीतों की प्रस्तुतियों ने माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। पारंपरिक पुआ-पकवान का सभी ने मिलकर आनंद लिया। समाज के बुद्धिजीवी, बुजुर्ग, युवा वर्ग, महिलाएं और बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक पर्व का आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार शाह, भंडारपाल शंभू शाह, संगठन मंत्री अनुप शाह सहित संजीत शाह, दीनदयाल शाह, पशुपति शाह, दीपक शाह, रमेश शाह, अनमोल सिंह, किरण देवी, पुनम देवी, आशा कुमारी, कैलाश देवी और माला देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह ने एक बार फिर साबित किया कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का त्योहार है।



## संक्षिप्त

### गलऊ पंचायत के 99 किसानों के बीच ओल बीच का हुआ वितरण



**सोनाहातू।** प्रखंड के गलऊ पंचायत अंतर्गत दिड़सीर गांव में रविवार को पंचायत के 99 किसानों को उद्यान विकास योजना अंतर्गत ओल बीज का वितरण किया गया। मुखिया सावना महली के उपस्थिति में उद्यान मित्र चंचला कुमारी ने ओल बीज का वितरण किया। मौके काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर गुलाल



**रामगढ़।** रामगढ़ श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वाधान में रविवार को शहर के शिवाजी रोड स्थित किला मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी, माता-बहनें एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान सभी ने आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ रंगों का त्यौहार होली को हर्षोल्लास के साथ मनाया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि होली का यह पावन पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। हमें सभी मतभेद भुलाकर समाज को एकजुट और मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य निरंतर करती रहेगी। मौके पर मुख्य संरक्षक दीपक मिश्रा, रंजन फौजी, विशाल जायसवाल, पंकज महतो, राजुरंजन प्रसाद, ओमप्रकाश कुशवाहा, दीपक सोनकर, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत चौधरी, मिथलेश मंडल, सत्यजीत सिंह, संतोष नायक, नीतीश राम, तरुण साव, सुमित अग्रवाल, कुणाल दास, सौरभ जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# होली व रमजान को लेकर खलारी थाना में शांति समिति की बैठक

**डीएसपी आरएन चौधरी ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की**

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** आगामी होली पर्व एवं पवित्र रमजान माह को लेकर क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को खलारी तथा मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।
खलारी थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता डीएसपी आर.एन. चौधरी ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष होली और रमजान एक साथ पड़ रहे हैं, ऐसे में सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी पर जबरन रंग न डालें और त्योहार को प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं।
डीएसपी ने चेतावनी दी कि शांति भंग करने वाले तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।
बैठक में अंचल पदाधिकारी प्रणव अंबष्ठ, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ईरशाद, थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन को सहयोग देने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने का भरोसा दिलाया।
वहीं मैक्लुस्कीगंज थाना में थाना प्रभारी धनंजय बैठा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, डीजे पर अश्लील गीत बजाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोनों थाना क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा संयुक्त गश्ती, फ्लैग मार्च तथा रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्णय लिया गया। साथ ही शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी समुदायों के लोगों ने मिलकर शांति और भाईचारे का संदेश दिया।



### इटकी अहीर उत्थान समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



**इटकी ।** प्रखण्ड के चचगुरा महरा पतरा मैदान में रविवार को अहीर उत्थान समिति इटकी के तत्वाधान आयोजित होली मिलन समारोह में जाति समाज के सैकड़ों लोगों ने खूब गुलाल उड़ाये और रंगों के त्योहार की खुशियां मनाई। छोटानागपूर के विभिन्न क्षेत्रों पहुंचे कलाकारों ने मांदर सहित अन्य वाद्ययंत्रों के धुन पर पारंपरिक फगुवा लोकगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों को घंटों जमकर झुमाया। कलाकारों ने वंसत ऋतु और धार्मिक ग्रंथों से आधारित एक से एक फगुवा गीतों पर लोगों का भीड़ देर शाम तक नाचते थिरकते नजर आये। इसके पूर्व समिति द्वारा एक बजे जिप सदस्य रीणा देवी और राजकमल गोप ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी जी के चित्र रख कर भक्ति भाव के साथ सामुहिक पूजा अर्चना कर अबीर गुलाल चढ़ाया। इसके बाद जिप सदस्य रीणा देवी और राजकमल गोप ने द्वीप प्रज्वलित कार्यक्रम का उदघाटन किया। कलाकारों द्वारा वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू की गई। मौके पर मुख्य अतिथि आरजेडी के जिला अध्यक्ष कैलाश यादव और विशिष्ट शोभा देवी सहित समाज के प्रबुद्ध वक्ताओ ने कहा कि आपसी भाईचारगी का त्योहार होली सभी के जीवन में उल्लास के रंग भरे। आगे कहा कि एकता ही समाज को नई दिशा देते हुए सकारात्मक सोच और समाज में नई चेतना का उर्जा देगी। कार्यक्रम में बबलू गोप, जन्मेजय गोप, मोहित गोप, गोविन्द यादव,किशोर गोप, राजू गोप, रुपेश गोप, दिवाकर गोप सहित रांची ,गुमला, लोहरदगा, बुण्डू , मांडर , सिसई, भरनो, लापूंग, बेड़ो, इटकी के अलावे अन्य प्रखण्डों के सैकड़ों की संख्या में जाति समाज के महिला पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मंगल कुमार गोप, अध्यक्षता वैजू गोप और धन्यवाद देव कुमार गोप ने दी।

## इनरव्हील क्लब के होली मिलन समारोह में सराबोर हुईं महिलाएं

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में रविवार को इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के तत्वावधान में अनुराधा श्रॉफ और नमिता श्रॉफ के निवास स्थान पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दीं।
समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक खेल और गीत-संगीत ने समां बांध दिया। सदस्यों ने पारंपरिक और आधुनिक गीतों पर झूमते हुए उत्सव का आनंद उठाया। हंसी-ठिठोली और मस्ती के बीच पूरा वातावरण होली के रंग में रंगा नजर आया।
कार्यक्रम में स्वादिष्ट व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी ने आनंद उठाया। आपसी स्नेह, एकता और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में विजेता और उपस्थित सदस्यों को आकर्षक उपहार दिया गया, जिससे उत्साह दोगुना हो गया।
मौके पर क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और पारस्परिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी सदस्यों को होली की बधाई देते हुए एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह में जनेशा वडेरा, मेघा बागरिया, निधि चौधरी, नीरु साहनी, शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्रॉफ, रंजू अग्रवाल, राजिंदर बुढ़वाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।



## होली का त्योहार खुशियां और भाईचारे का देता है संदेश : रवि

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** होली पर्व शांतिपूर्ण मानने को लेकर रविवार को रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ रवि रमेश ने किया, जबकि बैठक में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में होली पर आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही समाज को जो तोड़ने में भ्रम फैलाते है। वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही गई। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए सीओ रवि रमेश ने कहा कि रंगों का त्योहार खुशियों और भाईचारे का संदेश देता है। इसे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। बैठक के बाद शांति समिति के सदस्यों और पदाधिकारी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

### भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ तीन दिवसीय रामचरित मानस पाठ संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली निचे टोला तीन सीमानी स्थित महावीर मंदिर परिसर में न्यू स्टार महावीर पूजा समिति के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय रामचरित मानस पाठ रविवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गया। इससे पुर्व शुक्रवार को कलश स्थापना के साथ पाठ का शुभारंभ किया गया। इन तीनों में सुभाष पांडे, रेखा पांडे, अतित बनर्जी, मनोरंजन महतो, और अंतिम दिन मंदिर के पुजारी ललित उपाध्याय, सुलोचना देवी एवं हेमंत दुबे ने राम कथा रावण वध और राम राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया। अंतिम दिन पूरा मंदिर परिसर सियाराम के जयकारे से गुंजायमान हो गया। श्रीराम के हाथों रावण वध कर लंका विजय के बाद वानर सेना के साथ भगवान राम अयोध्या पहुंचे एवं राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा यज्ञ परिसर राममय हो गया। भगवान श्रीराम के स्वागत में भजन व बधाई गीत गाया गया। मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल व फूल की होली खेले भक्तिभाव में झूमने लगे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा व पूजा की।कहते हैं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज सिंहासन पर विराजमान होते ही अयोध्या में खुशियां उमड़ पड़ी। मनुष्य जीवन के त्रिताप यानि दैहिक दैविक भौतिक यह तीनों तापों से अयोध्यावासी मुक्त हो गए। कहते है कि भगवान श्रीराम के राजसिंहासन पर बैठने के बाद भगवान के स्वभाव देखकर पूरे अयोध्यावासी आपस में प्रेम करने लगे और वेद के नीति पर सभी लोग चलने लगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# पिठोरिया थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**होली पर्व को लेकर सौहार्द व सुरक्षा पर जोर**

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**पिठोरिया।** होली के मद्देनजर पिठोरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखते हुए होली पर्व को शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। वक्ताओं ने आपसी भाईचारे को और मजबूत करने, किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने पर जोर दिया। पुलिस प्रशासन ने जानकारी दी कि पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा नेता सह समाजसेवी मोहम्मद वैश आलम ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। बैठक में अनिल केशरी, अईनुल हक अंसारी, श्रवण गोप, जीतनाथ बेदिया, मजीद अंसारी, सुरेश राम, दीपक चौरसिया, नकुल महतो, हाफि ज अंसारी, शिवदास वर्मा और रंगनाथ राम सहित अन्य उपस्थित थे।



# खूंटी के एमवीआई पर मारपीट का आरोप, कई चालक पहुंचे थाना

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** हजारीबाग जिले के बरही निवासी रमेश यादव नामक ट्रक चालक ने खूंटी के मोटर वाहन निरीक्षक(एमवीआइ ) मोहम्मद शाहनवाज पर गाली गलौज और मारपीट करने और मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए खूंटी थाने में आवेदन दिया है।
इस घटना के संबंध में रमेश यादव ने रविवार को खूंटी थाने में बताया कि वह जिंदल कंपनी रायगढ़ से माल लेकर शनिवार को रांची जा रहा था। रांची में नो एंट्री हो जाने के कारण वह कालामाटी स्थित भारत पेट्रोल पंप के निकट अपना ट्रक लगाकर ट्रक में सो गया। रात लगभग 11:30 बजे एमवीआइ मोहम्मद शहनवाज वहां पहुंचे और ट्रक का दरवाजा खोलकर गाली गलौज करते हुए गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की मांग करने लगे। जब चालक ने सभी कागजात दे दिए, तब शहनवाज ने कहा कि ट्रक ओवरलोड है। यह कह कर मारपीट करने लगे और जबरन ट्रक को दतिया रोड में ले जाकर खड़ा करवा दिया और कहा कि जो मैनेज करना है वह ऑफिस में आकर करो। रविवार सुबह चालक ने अपने परिवार को किसी दूसरे के फोन से सूचना दी। साथ ही छत्तीसगढ़ के कई चालकों को भी घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही रविवार को कई ट्रक चालक वर्दी में खूंटी थाना पहुंचे और एमवीआइ के खिलाफ आवेदन देखकर कानूनी कार्रवाई की मांग की
इस संबंध में पूछे जाने पर एमवीआइ मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि मारपीट की बात बे बुनियाद है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के चालकों ने अपना एक संगठन बना रखा है और उसी के बल पर अवैध कम करते हैं। संगठन के बल पर धौंस जमाते हैं। उन्होंने कहा कि मारपीट या गाली गलौज की बात आधारहीन है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक ने ही उनके और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। ट्रक में जो कमी पाई गई, उसके आधार पर चालान काटा गया है।



# पांच परगना सुखद सत्संग केन्द्रीय कमिटी की बैठक संपन्न

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**सोनाहातू।** सोनाहातू बाजारटांड स्थित मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को पांच परगना सुखद सत्संग केन्द्रीय समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ सोहनलाल महतो ने की। बैठक का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक परेश राम महतो ने किया। समिति में सोनाहातू के अलावे बुंडू,तमाड़ ओर राहे क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि आगामी 20 से 22 मार्च को होने वाले सत्संग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा। इसके लिए पूरे प्रखंड क्षेत्र को चार जॉन में बांटा गया। पूर्वी क्षेत्र के चार पंचायत हारिन, लांदुपडीह,हेसाडीह एवं पंडाडीह पंचायत को एक जॉन में रखा गया। जिसमें हिकिम सिंह मुंडा कृष्ण सिंह मुंडा, कुंजबिहारी समेत 13 सदस्यों को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सोनाहातु पश्चिमी क्षेत्र में डॉ सोहनलाल महतो राधामोहन सिंह मुंडा परेश महतो खगेश महतो पुरन महली, संजय कार्जी, धन्नजय महतो, हरेश महतो महादेव महतो मधू मंडल दिलेश्वर कोइरी समेत 12 सदस्यों को प्रभारी बनाया गया है। निर्णय लिया गया कि घर घर प्रचार अभियान को तेज किया जाएगा। बैठक में प्रभारी के अलावे विनोद साहू, अक्षय महतो, बिपद भंजन महतो, हिमगिरि प्रमाणिक, महतलाल सिंह मुंडा,आदि मौजूद थे। ज्ञात हो कि 20 से 22 मार्च को राष्ट्रीय संत असंग देव जी महाराज का कार्यक्रम सोनाहातू में होगा।



# होली पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम, प्रेम और पवित्रता का दिया संदेश

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** होली पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चौधरी बागान हरमू स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में रविवार को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन ने कहा कि होली का पर्व हमें पुरानी बातों और मनमुटाव को भुलाकर नई शुरूआत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जो बीत गई वह बात गई के संदेश के साथ होली क्षमा, प्रेम और सकारात्मक जीवन दृष्टि अपनाने का अवसर प्रदान करती है।

इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सच्चे अर्थों में होली आत्मा को शांति, प्रेम और पवित्रता के रंगों में रंगने का पर्व है। अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पवित्रता ही जीवन परिवर्तन का मूल आधार है, जिससे व्यक्ति के विचार और व्यवहार दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। डॉ. आशीष भगत ने कहा कि भारतीय त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मिक जागरण और आंतरिक परिवर्तन का माध्यम हैं। वहीं अमित अग्रवाल और सुनील गुप्ता ने होली को आंतरिक विकारों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने का प्रतीक बताया।

सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि परमात्मा के ज्ञान और राजयोग का रंग अविनाशी होता है, जो आत्मा को स्थायी शांति और सुख प्रदान करता है। उन्होंने सभी को आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को गाइडेड मेडिटेशन कराया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर मनमोहन मोहता, मुकेश जाजोदिया, अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश के साथ किया गया।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक, शंकर दुबे बने अध्यक्ष

**गोपाल पारीक महामंत्री एवं किशोर साहू बने मुख्य संरक्षक**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** भुताहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन राजकुमार गुप्ता ने किया, जबकि अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने की। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) ने वर्ष 2025 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। तत्पश्चात पुरानी कमिटी को भंग कर पुनः सर्वसम्मति से उसी कमिटी का गठन किया गया। सभा में निर्णय लिया गया कि मुख्य संरक्षक एवं संरक्षक मंडली को छोड़कर शेष सभी पदाधिकारी पूर्ववत जिम्मेदारी संभालेंगे और पूजा को धूमधाम एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से शंकर दुबे को पुनः अध्यक्ष, गोपाल पारीक को महामंत्री तथा किशोर साहू को मुख्य संरक्षक चुना गया। बैठक में मुख्य संरक्षक किशोर साहू सहित रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, कुमार राजा, रवि कुमार (पिंकू), गोपाल पारीक, संजय सिंह (लल्लू), राहुल सिंह, महेश चंद्रा, दीपू सिंह, गणेश सिंह, शुभम वर्मा, दिलीप गुप्ता, विशाल कृष्णा, राजू चौरसिया, सुनील यादव, रौनक साबु, नवीन गुप्ता, नन्द सिंह चंदेल, उमंग सुल्तानिया, प्रिंस मेहता, रिक्की वर्मा, प्रकाश पासवान, ऋषभ सिंह, नीकु वर्मा, करण सिंह, मोहित रजक, नमन भारतीय, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरभ रजक, आकाश रजक, बबलू वर्मा, आयुष रजक, प्रियांशु वर्मा, यश वर्मा, आयुष वर्मा, राहुल रजक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटीसिल्वे में खुला आर इंटरप्राइजेज



**रांची।** टाटीसिल्वे के स्वर्णरेखा पुल के समीप स्थित सूर्य नगर में आर इंटरप्राइजेज रवि?वार को खुला। इसका शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। यहां ग्राहकों को टीवी, फ्रिज, पंखा, एसी, कूलर, इन्वर्टर, मोबाइल सहित हर तरह के इलेक्ट्रोनिक सामान मिलेगा। इसके अलावा अलमीरा, सोफा, डाइनिंग टेबल, कंप्यूटर टेबल भी उपलब्ध है। संचालक रमेश शर्मा ने बताया कि ग्राहकों को जीरो डाउन पेमेंट पर हर सामान मिलेगा। फाइनांस की सुविधा भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कई तरह के ऑफर भी दिए जा रहे हैं।

### खेलो इंडिया अस्मिता वुमन साइकिलिंग लीग का शानदार समापन

**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशनुसार आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता साइकिलिंग लीग (ईस्ट जोन) का दो दिवसीय आयोजन रांची स्थित खेल गांव वेलोड्रोम स्टेडियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अश्वनी कुमार सिन्हा, आई.पी.एस. (डीआईजी, डायरेक्टर रांची) उपस्थित रहे। अतिथियों ने दो दिवसीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बॉयफ्रेंड ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म, केस दर्ज

रांची। राजधानी रांची के सदर थाना इलाके में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी युवक का नाम सचिन कुमार महतो है और वह रांची में पढ़ाई कर रहा था। बताया जाता है कि युवक ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक ने पहले युवती को फोन कर अपने कमरे में बुलाया और नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक व युवती एक-दूसरे को पहले से जानते थे और आपस में बॉयफ्रेंड व गर्लफ्रेंड हैं।

# बाल विवाह को खत्म करने के लिए जागरुकता रथ रवाना

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रांची जिला स्तरीय जागरुकता रथ को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि बाल विवाह को खत्म करने के लिए केंद्र, राज्य सरकार और सभी समाज के बुद्धिजीवी को मिलकर काम करना पड़ेगा। लोगों को जागरूक करना होगा। पोस्टर पर हस्ताक्षर कर इस अभियान की शुभारंभ किया।

इस अभियान का संचालन गैर सरकारी संस्था सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के माध्यम से किया जा रहा है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन भारत के 412 जिला में काम करता है। सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय रांची जिले में इस संस्था के माध्यम से कार्य कर रहा है।

संस्था के सचिव राजेन कुमार ने कहा कि बाल विवाह ना केवल एक सामाजिक कुरीति है, बल्कि एक कानूनी दंडनीय अपराध भी है। इससे बच्चे और बच्चियों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों को सक्रिय एवं सामूहिक भागीदार निभाने की आवश्यकता है। यह अभियान आरंभ होकर मांडर के विभिन्न गांव, प्रखंड मुख्यालय, थाना, सामाजिक स्थल, विद्यालय में जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक दिन बेड़ो, चान्हो, रातू प्रखंडों में भी बाल विवाह मुक्ति रथ जाकर लोगों को जागरूक करेगा। मांडर प्रखंड प्रमुख, थाना प्रभारी, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्य और तमाम गांव के लोगों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान की सफलता के लिए संदेश दिया है।

अभियान को सफल बनाने में प्रोग्राम मैनेजर बृजेंद्र कुमार, परियोजना समन्वयक धीरज कुमार, नितेश कुमार, सुनीता टोप्पो, अमृता टोप्पो, ललिता देवी, शांति देवी, मुन्नी देवी आदि ने सहयोग दिया।

### शिव शिष्य परिवार मुख्यालय में प्रो. रामेश्वर मंडल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**रांची।** एचईसी स्थित उपवन, रांची में शिव शिष्य परिवार के मुख्यालय में रविवार को संस्था के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रो. रामेश्वर मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिव शिष्य भाई-बहन उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन के सलाहकार अर्चित आनंद ने प्रो. मंडल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिव को गुरु स्वरूप में स्थापित करने तथा उस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित कर दिया। वे सदैव साहेब श्री हरिन्द्रानंद जी के बताए मार्ग पर चलते रहे और समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया। वहीं, संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती बरखा आनंद ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। श्रद्धांजलि सभा में श्री रत्नम, शिवकुमार, भूषण सहित सैकड़ों की संख्या में शिव शिष्य उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का समापन श्रद्धा एवं संकल्प के साथ किया गया।

### रांची स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिवस रविवार को रांची में बीआईटी मोड़ स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने केक काटकर कार्यकताओं के बीच मिठाई वितरित की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के देदीप्यमान नक्षत्र और बिहार के अतुलनीय मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे लंबे समय तक बिहार और देश की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जदयू नेता डॉ. आफताब जमील, भगवान सिंह, सागर कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, शिवानी लता, उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आशीष शीतल मुंडा, अजय सोनी, महेश्वर चौधरी, राजनारायण पटेल, दिलीप महतो तथा रामजी प्रसाद सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने उनके नेतृत्व में सुशासन और विकास की निरंतर कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

### गुरु नानक सेवक जत्था ने आंचल शिशु आश्रम में मनाई होली



**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था ने 1 मार्च को रांची के बड़ा तालाब के पास स्थित आंचल शिशु आश्रम में अनाथ बच्चों के साथ होली मनाई। दोपहर 12 बजे जत्था के सदस्य आश्रम पहुंचे। उनके हाथों में रंग, पिचकारी और मुखौटे देखते ही बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। जत्था के सदस्यों ने आश्रम के सभी बच्चों समेत आश्रम के समस्त स्टाफ को हर्बल रंग, पिचकारी, मुखौटे और टोपियां प्रदान की। बच्चों ने जत्था के सदस्योंम के साथ होली खेली। जत्था के सदस्य आश्रम में लगभग दो घंटे तक रहे। बच्चों के साथ नाच गाकर होली इंजॉय किया। आश्रम गए जत्था के सदस्यों में राजेन्द्र गांधी, सूरज झंडई, कशिश नागपाल, अमन डावरा, छोटू सिंह और कनीश गाबा शामिल थे।

## ऊर्जा निगमों में बोर्ड बैठक नहीं होने पर श्रमिक संघ ने जताई चिंता, जल्द बैठक बुलाने की मांग

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड राज्य के ऊर्जा निगमों में लंबे समय से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, झारखंड ऊर्जा संचारण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड में बोर्ड बैठक नहीं होने के कारण बिजली वितरण, संचरण एवं उत्पादन से जुड़े कई महत्वपूर्ण नीतिगत और वित्तीय प्रस्ताव लंबित पड़े हुए हैं। अजय राय ने बताया कि 23 सितम्बर 2025 के बाद अब तक किसी भी कंपनी की बोर्ड बैठक आयोजित नहीं की गई है, जबकि कंपनी अधिनियम के अनुसार प्रत्येक चार माह में कम से कम एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही से प्रशासनिक निर्णय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर बोर्ड बैठक नहीं होने की स्थिति में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा दंडात्मक कार्रवाई एवं जुमार्ना लगाया जा सकता है, जिससे निगम की साख और निर्णयों की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## सुरेश्वर महादेव मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** होली महापर्व की पूर्व संध्या पर चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर बाबा को रंग और गुलाल लगाकर समस्त भक्तों के लिये मंगलकामना के लिये प्रार्थना की।

समारोह में समिति के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। एक बढ़कर एक होली के गीत गाकर सदस्य झूमे। कार्यक्रम में बाबा को मालपुआ का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, आलोक कुमार बंटी, संजय कुमार, मन्नू भैया, विक्रम साहू, मनपुरन नायक, शत्रु नायक, मदन साहू, मुकेश कुमार केशरी, कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, गौतम कुमार, निक्की साहू, रंजीत राम, केशव केशरी, सुबोधकांत, नरेंद्र साहू, दशरथ सिंह, रतनलाल सहित बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने हिस्सा लिया।

# नकली विदेशी शराब सहित आठ आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** होली और रामनवमी पर्व को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया।

उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में संजीत मिंज, पिंटू बाडू, अनिल लिंडा, सुनील उरांव, अजय कुजूर, रौशन केरकेट्टा, राजू कच्छप एवं निखिल तिर्की शामिल हैं।

उत्पाद विभाग ने आरोपितों के पास से कुल 80.925 लीटर विदेशी शराब, 65.1 लीटर बियर, 9.9 लीटर ब्रिजर, 100 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा लगभग 500 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पर्व-त्योहार के दौरान अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# श्री माहेश्वरी सभा का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में माहेश्वरी समाज का होली मिलन समारोह माहेश्वरी भवन में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके पश्चात सभा अध्यक्ष किशन साबू, उपाध्यक्ष गोवर्द्धन भाला, सह सचिव बसंत लखोटिया, कोषाध्यक्ष मनमोहन मोहता, युवा अध्यक्ष विनय मंत्री, युवा सचिव हेमंत महेश्वरी, महिला अध्यक्ष भारती चितलांगिया, सचिव विमला फलोड़ तथा पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिजा शंकर पेड़ीवाल का होलियाना अंदाज में स्वागत किया गया।

समारोह के दौरान ढाप और चंग की पारंपरिक थाप पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां हुईं, जिसने उपस्थित समाजबंधुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरा परिसर रंग, गुलाल और उत्साह से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राजेश साबू एवं सुरेश सारडा थे। सह संयोजक के रूप में राजेश सोमानी, श्यामसुंदर बियानी, खुशबू साबू, सुमन बाहेती, नीतीश सारडा एवं रौनक सारडा ने सक्रिय भूमिका निभाई। मंच संचालन विनीता बियानी और राजू सोमानी ने किया। समारोह में महावीर सोमानी, मनीष मारू, प्रभात साबू, अरविंद सोमानी, अंकुर डागा सहित अन्य समाजों एवं संगठनों के पदधारी और कुछ राजनीतिक हस्तियां भी अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं।

# झारखंड की जूनियर पुरुष-महिला हॉकी टीमों के चयन के लिए रांची में आयोजित किए जाएंगे ट्रायल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 तथा हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 में भागीदारी के लिए झारखंड की सब-जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 मार्च (रविवार) को रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची में किया जाएगा, जबकि पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। हॉकी संघ के अनुसार, महिला वर्ग का चयन ट्रायल 15 मार्च को पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि पुरुष वर्ग का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। आयु सत्यापन के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड तथा नगर निगम या ग्राम पंचायत की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य किया गया है। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सिंदरी में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** सिंदरी ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में विद्यापति परिषद में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में हुआ। अध्यक्षता प्रमंडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने की। संचालन गणेश कुमार ने किया। समारोह में सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।
मुख्य अतिथि राजपूत विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह एसोसिएशन के आजीवन सदस्य अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। पत्रकार समाज के दर्पण के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
सम्मानित अतिथि पीडीआईएल के पूर्व महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार मिश्र ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं। उनके सम्मान से समाज सुदृढ़ होता है।
इस अवसर पर वार्ड 54 के नवनिर्वाचित पार्षद नीरज कुमार सिंह, महेंद्र पांडेय, विदेशी सिंह, ब्रजेश सिंह, नई पत्रवर्ता के प्रकाशक राजकिशोर सिन्हा, प्रशांत कुमार दूबे, रंजना शर्मा, अनिमा सिंह, अकरम रजा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, गीतांजलि श्रीवास्तव, रतन कुमार अग्रवाल, विजय ठाकुर एवं गणेश कुमार को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र से चंद्रशेखर झा, मुना पांडेय, शैलेश पंडित, झाजी, प्रभात सिंह, नगेन्द्र झा सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# कुरूमगाड़ वन क्षेत्र में 'जलावन' के नाम पर हो रहा सखुआ का सफाया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चैनपुर (गुमला)।** सरकार 'जल-जंगल-जमीन' के संरक्षण का ढिंढोरा पीट रही है। हालांकि गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड के कुरूमगाड़ वन क्षेत्र में माफिया और स्थानीय लोग मिलकर प्रकृति 'जलावन' के नाम सखुआ का सफाया कर रहे हैं। ताजा मामला चित्तरपुर और कोरवा टोली का है। यहां जलावन की आड़ में बेशकीमती सखुआ (साल) के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल रही हैं। क्षेत्र में लकड़ी कटाई का खेल बड़े शातिर तरीके से खेला जा रहा है। जानकारी के अनुसार, लकड़ी काटने वाले लोग अक्सर जमीन को 'रैयती' बताकर वन विभाग की कार्रवाई से बचने की कोशिश करते हैं। हालांकि, सरकारी नियमों के मुताबिक निजी जमीन पर भी सखुआ जैसे कीमती पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना परमिट के हो रही कटाई सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। चित्तरपुर निवासी हेनरी तिग्गा ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने भारी संख्या में सखुआ के छोटे पेड़ों की कटाई की है। उनके द्वारा दिए गए तर्क चौंकाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि लकड़ियां बारिश के मौसम में जलावन के लिए स्टॉक की जा रही थीं। स्वीकार किया कि उनके पास पेड़ काटने का कोई आधिकारिक सरकारी परमिट या लिखित अनुमति पत्र नहीं है। उन्होंने जमीन को अपनी निजी संपत्ति बताते हुए कहा कि वे इसकी मालगुजारी भरते हैं, इसलिए उन्हें पेड़ काटने का हक है।

## संक्षिप्त

### कोल्हान की धरती पर भव्य मागे पर्व समारोह की चर्चा

**चाईबासा।** जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सह उप मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल सोनाराम सिंकु के पैत्रिक गांव जितूगढ़ा स्थित दुरलीपी गांव में हो आदिवासी समुदाय के महा पर्व यानि मागे पर्व का आयोजन एवं मनमोहक कार्यक्रम, संस्कृतिक आयोजन का दृश्य चर्चा का विषय बना हुआ है। सांस्कृतिक रीति रिवाज के साथ पूरे धूम धाम से हजारों की संख्या में सभी समुदाय के लोगों का कार्यक्रम में शामिल होना ऐतिहासिक माना जा रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र से सभी लोगों का कार्यक्रम में आना विधायक की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है। रांची जिला से खिजरी विधानसभा के विधायक एवं विधायक दल के नेता राजेश कच्छप के साथ कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकलांशन कोनगाड़ी जी कार्यक्रम में शामिल हुए। क्षेत्र के पुलिस प्रशासन, डीएसपी जिला के पदाधिकारी भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए, एवं सभी लोगों को विधायक सोनाराम सिंकु जी के लोग आने वाले अतिथियों का सम्मान करते हुए खाना खिला कर विदा किए। इस कार्यक्रम की भारी सफलता से विधायक सोनाराम सिंकु के पूरे परिवार और विधायक के कार्यकर्ता, नेता काफी उत्साहित हैं।

### खामेनई की मौत के विरोध में कैंडल मार्च

**पूर्वी सिंहभूम।** सैयद अली खामेनई की मौत की खबर के बाद शहर में आक्रोश का माहौल देखा गया। रविवार रात मुस्लिम समाज की महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर कैंडल मार्च निकाला और घटना के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। शाम करीब साढ़े सात बजे मानगो चौक से महिलाओं का जुलूस ऐनी हुसैन और तहजीब रिजवी के नेतृत्व में निकला, जबकि शास्त्री नगर क्षेत्र से रईस रिजवी और मून रिजवी के नेतृत्व में दूसरा समूह रवाना हुआ। दोनों जुलूस आगे बढ़ते हुए साकची गोलचक्कर पर एकत्रित हुए, जहां प्रदर्शनकारियों ने मोमबत्तियां जलाकर शोक व्यक्त किया और अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए एक मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जकी हैदर ने कहा कि खामेनई की शहादत से ईरान की ताकत कमजोर नहीं होगी।

# दिसोम जाहेर थान से धूमधाम से मना दिसोम बाहा पोरोब

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** दिसोम जाहेर थान में दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व में दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन के अगुवाई में दिसोम बाहा पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह आठ बजे नायकी बाबा स्नान कर दिसोम जाहेर थान में अपने मरांग बुरू भक्तों के साथ जाहेर ऐरा, गोसाई ऐरा, ठाकुर जी, मोड़ेंकु तुरूयकु, मरांग बुरू सहित अन्य इष्ट देवताओं के नाम पूजा अर्चना करते हुए मुर्गा का बलि दिया गया। इसके बाद बलि दिया गया मुर्गा का खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया। साथ ही पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ बाहा गीतों पर बाहा नृत्य किया गया। नायकी बाबा सीताराम सोरेन ने कहा कि बाहा संताल समुदाय का दूसरा सबसे बड़ा और पवित्र त्योहार है, जो फागुन मास में मनाया जाता है। यह प्रकृति की पूजा का पर्व है। जिसका शाब्दिक अर्थ फूल होता है। जब पेड़ों पर नए पत्ते और सखुआ (साल) के फूल खिलते हैं। तब यह उत्सव शुरू होता है। इस पर्व में संताल लोग नायकी पुजारी के नेतृत्व में पूजा स्थल जाहेर थान पर सखुआ और महुआ के फूलों से पूजा-अर्चना करते हैं। लोग एक-दूसरे पर शुद्ध पानी डालकर प्रेम और सद्भाव प्रकट करते हैं। यह त्योहार मनुष्य और प्रकृति के अटूट संबंध को दशार्ता है। बाहा पर्व में संताल परगना के विभिन्न हिस्सों से आतो मोड़ें होड़ और मरांग बुरू भक्त शामिल हुए। साथ ही आसपास के गांव और विभिन्न कल्याण छात्रावास में रह रहे छात्रों की भूमिका भी अहम रही। मौके पर चुंडा सोरेन सिपाही, टेकलाल मरांडी, अशोक हांसदा, इंद्रजीत हेम्ब्रम, बी.डी किस्कू, चंद्रनाथ हेम्ब्रम, नीलेश हांसदा, रामप्रसाद हांसदा, मोहन टुडू, दशमत किस्कू, शिवकांत मुर्मू सहित अन्य शामिल रहे।

## गुवा थाना परिसर में भव्य कलश यात्रा के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा



**गुवा।** गुवा थाना परिसर में स्थापित शिव मंदिर में रविवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात:काल भव्य कलश यात्रा से हुई। इस दौरान 108 कुंवारी कन्याओं ने कारों नदी से विधिवत जल भरकर कलश यात्रा निकाली। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित कन्याएं जब हर हर महादेव के जयघोष के साथ थाना परिसर पहुंचीं तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में मुख्य पंडित सह आचार्य संजीव मिश्रा (जहानाबाद, बिहार) की अध्यक्षता में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। अनुष्ठान में बीएन पाठक (नालंदा, बिहार), विकास मिश्रा (बिलटा, पटना), राहुल पाठक, पंकज मिश्रा तथा गुवा के धर्मशिक्षक आशुतोष शास्त्री ने रुद्र यज्ञ एवं रुद्राभिषेक कराया। पूरे विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और बारी-बारी से जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं समाजसेवी शत्रुघ्न मिश्रा भी रुद्राभिषेक में शामिल हुए। उन्होंने सभी आमंत्रित पुरोहितों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन के उपरांत महाभोग के रूप में खिचड़ी एवं खीर का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों, पुलिसकर्मियों एवं आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा।

## राजाबुरु खदान में स्थानीयों को रोजगार देने का दावा, अवरोध पैदा करने का आरोप

**गुवा।** मां सरला प्राइवेट वर्क ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रांजाबुरु खदान का खनन कार्य उनकी कंपनी को मिला है और खदान प्रभावित गांवों के स्थानीय बेरोजगार युवकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जा रहा है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि अब तक 70 स्थानीय युवकों का भीटी मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और उन्हें चरणबद्ध तरीके से कार्य पर लगाया जा रहा है। जारी सूची के अनुसार गुवा बिचाईकिरी से 1, बुंडू से 2, छोटा जामकुंडिया से 4, छोटानागरा से 5, गंगदा से 5, घाटकड़ी से 3, गुवा गोरख नगर से 1, गुवासाई से 2, जामकुंडिया से 1, जोजोगुटू से 2, कल्याण नगर से 3, कारोकुंज से 1, कोटगढ़ से 1, लेंबरे से 4, मेघाहातुबुरु से 1, नानक नगर से 1, नुईया से 3, रेलवे मार्केट से 3, राजाबेड़ा से 3, रामनगर से 4, रोवाम से 2, सेवा नगर से 3, सिंदरी गौरी से 1, तितलीघाट से 4, ढाकुरा से 2, टोंटो से 1 तथा विवेक नगर से 1 युवक शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि सभी चयन स्थानीयता के आधार पर किए गए हैं और आगे भी प्रभावित गांवों के युवाओं को ही प्राथमिकता दी जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग ग्रामीणों को दिग्भ्रमित कर खदान क्षेत्र में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। कंपनी के अनुसार कुछ लोगों की मंशा रेक लोडिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग का कार्य प्राप्त करने की है, लेकिन इस प्रकार के दबाव में कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा। मां सरला प्राइवेट वर्क ने दोहराया कि रांजाबुरु खदान में बाहरी व्यक्तियों की बहाली नहीं की जा रही है। कंपनी का दावा है कि स्थानीय युवकों को ही रोजगार देकर क्षेत्र के विकास और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

## वार्ड पार्षद अजय उरांव की जीत पर निकला विजय जुलूस

**लोहरदगा।** वार्ड 5 के विजयी पार्षद अजय उरांव के समर्थकों ने रविवार को उनके घर पतराटोली से गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला। विजयी पार्षद अजय उरांव ने क्षेत्र के छोटे बड़े सभी का अभिवादन करते हुए आभार जताया। अजय उरांव अपने माता से आशीर्वाद लेने के बाद किस्को मोड स्थित शांतिनगर देवालय मंदिर पहुंचे। मां दुर्गा मंदिर में मत्था टेक वार्ड को साफ स्वच्छ बनाने एवं जिले के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। अनिल ने देशवाली स्थित सरना स्थल में भी मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इस दरमियान समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर अजय की जीत की बधाई दी। ज्ञात हो कि अजय उरांव 505 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमला देवी को 214 मतों से पराजित किया। मौके पर सुरेश कुजूर, मनोज कुमार गुप्ता, विदेश पाहन, बिफई पाहन, चंद्रमणि उरांव, रूपेण देवी, सुरेश ठाकुर, देवदीप भगत, संजू कुजूर, अनिल उरांव शुशील छत्री समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## फ्रेंडस क्लब और टॉउन क्लब चाईबासा फाइनल में, खिताबी भिड़ंत कल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 33वीं बी० एल० नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज दोनों सेमीफाईनल मैच खेले गए। पूर्वाह्न दस बजे से खेले गए पहले सेमीफाईनल मैच में फ्रेंड्स क्लब चाईबासा ने गत वर्ष की चैंपियन टीम सेरसा चक्रधरपुर को तीन विकेट से जबकि अपराह्न एक बजे से खेले गए दूसरे सेमीफाईनल मैच में टॉउन क्लब चाईबासा ने आर० के० क्रिकेट अकादमी सोनुवा को छः विकेट से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। अब फाईनल मैच में कल इन दोनों टीमों का मुकाबला अपराह्न एक बजे से खेला जाएगा।
चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए पहले सेमीफाईनल मैच में टॉस फ्रेंडस क्लब चाईबासा के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेरसा चक्रधरपुर की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। सेरसा की ओर से ए० पवन कुमार ने सात चौके एवं चार छक्के की सहायता से 63 रनों की पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में विकेटकीपर बल्लेबाज कमल गोप ने 39, सौम्या लेंका ने 29 तथा डेविड सांगा ने 23 रन बनाए।

## जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु के हाथों हाथी के हमले से प्रभावित परिवारों को मिला मुआवजा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह उप मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल सोनाराम के द्वारा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत सारंडा वन प्रमंडल, चाईबासा के सांसगदा वन क्षेत्र में हाथी के हमले से प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि प्रदान की गई। हाथी के हमले में मृत व्यक्ति की परिजन सलोमी पूर्ति को 4,00,000 (चार लाख रुपये) की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं सोमवारी सुरीन को हाथी द्वारा घायल किए जाने पर 1,50,000 (डेढ़ लाख रुपये) की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।इस अवसर पर सांसगदा वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर भगत, वनरक्षी सावन कुमार, बासुदेव बिरुवा सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विधायक सोनाराम सिंकु ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आग्रह किया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में त्वरित कार्रवाई एवं शीघ्र मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# जांच में प्रावधानों का उल्लघंन करते पाई गईं मीट व मुर्गा दुकानें

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** होली एवं रमजान को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ मोईन अख्तर के नेतृत्व में जिला अंतर्गत संचालित मीट, मुर्गा, एवं मछली दुकानो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत दुकानों का पंजीकरण, लाईसेंस की स्थिति, साफ-सफाई की व्यवस्था, संचालन प्रक्रिया और अन्य दस्तावेजों की जांच की गई।
मांस, मटन दुकान संचालकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे नगर परिषद् से अनापत्ति प्रमाण लेते हुए एफएसएसएआई पंजीकरण के लिए आवेदन करें। बिना वैध निबंधन दुकान संचालन करना एक दंडनीय अपराध है। इसमें 2 वर्ष तक का कारावास का प्रावधान है। मैना बगीचा, पावरगंज चौक, बगडू मोड, न्यू रोड इत्यादि स्थित मीट/मुर्गा दुकानों की जांच की गयी। जांच के क्रम में पावरगंज चौक स्थित मे० जनता मटन एवं मे० लोहरदगा मटन, बगडू मोड़ स्थित मे० तौशिफ चिकेन एवं मे० छोटू चिकेन और न्यू रोड़ स्थित मे० गुलशन मटन व झारखंड मटन शॉप खाद्य सुरक्षा अधिनियम और विनियम 2011 के प्रावधानों का उल्लघंन करते हुए पाये गये।
उक्त सभी प्रतिष्ठान संचालकों को 3500 रुपये का चालान काटा गया। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के लिए सभी मीट, मुर्गा प्रतिष्ठान संचालकों को 15 बिन्दुओं का एक लिखित नोटिस दिया गया। साथ ही, मांस एवं चिकेन का सुरक्षित भंडारण, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, उपभोगताओं को सुरक्षित और गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामाग्री उपलब्ध करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से खुले में सड़क के किनारे बेच रहे मीट, मुर्गा, मछली दुकानों को एक वेंडर जोन बनाकर उसमें स्थानांनतरित करने का अनुरोध किया गया है। निरीक्षण के क्रम में सहायक कर्मी रजनीश कुमार मौके पर मौजूद थे। जांच अभियान आगे भी चलता रहेगा। उपरोक्त सभी निदेर्शों का अनुपालन नहीं करने की दशा में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो इकाई ने मनाई फूलों की होली

# तृप्ति धाम में भजन, अबीर और भाईचारे के संदेश के साथ मना उत्सव

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** आर्ट ऑफ लिविंग की बोकारो इकाई द्वारा सेक्टर-4 स्थित तृप्ति धाम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार गुप्ता ने की। समारोह में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने फूलों और अबीर की होली उत्साहपूर्वक मनाई। महिला सदस्यों ने भजन एवं होली गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है, जिसे प्रेम और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वरीय समाजसेवी संजय सोनी ने कहा कि होली प्राकृतिक पर्व है, जो हमें प्रकृति के प्रति सजग रहने और आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे के साथ जीवन जीने का संदेश देता है। अतिथियों का स्वागत तारकेश्वर सिंह ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन मल्लिका डे ने किया। भजन एवं होली गीत कुसुम गुप्ता और किरण मिश्रा ने प्रस्तुत किए। इस दौरान पी.सी. मिश्रा, शिवजी जिंदल, नीता जी, इंदु अग्रवाल सहित आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।



# होली, रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक


प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में होली, रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न धर्मों के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।
मझिआंव थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक मझिआंव अंचल ब्रिज कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो एवं अंचलाधिकारी मौजूद थे। नगर ऊंटारी थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस निरीक्षक जितेंद्र आजाद, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार एवं अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।
भवनाथपुर थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में थाना प्रभारी रजनी रंजन एवं अंचलाधिकारी के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।
बैठक में अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व-त्योहार मनाने की अपील की। सोशल मीडिया पर फैल रही बच्चा चोरी जैसी अपुष्ट अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि के लिए तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर संपर्क करने को कहा गया।

# दस्तूर से टाटा बनने तक, एक उपनाम से खड़ा हुआ विश्वविख्यात उद्योग साम्राज्य

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड की औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयंती को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। हर वर्ष 3 मार्च को मनाए जाने वाले संस्थापक दिवस के अवसर पर पूरी लौहनगरी दुल्हन की तरह सजाई जाती है। शहर की पहचान मानी जाने वाली टाटा स्टील इस दिन को विशेष रूप से भव्य रूप में मनाती है।

3 मार्च के अवसर पर साकची स्थित जुबली पार्क को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाता है। पूरे शहर में रोशनी की ऐसी छटा बिखरती है कि जमशेदपुर मानो प्रकाश से नहा उठता है। इस आयोजन की तैयारी लगभग 10 से 15 दिन पहले से शुरू कर दी जाती है, जिसमें शहर के पार्कों और प्रमुख स्थलों को विशेष रूप से सजाया-संवारा जाता है।

भारतीय उद्योग जगत में जब भरोसे, गुणवत्ता और सामाजिक उत्तरदायित्व की चर्चा होती है, तब टाटा समूह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। लगभग 118 वर्षों से अधिक समय से यह समूह इस्पात, मोटर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी, चाय, नमक और आतिथ्य सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। आज टाटा समूह 150 से अधिक देशों में कारोबार कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस औद्योगिक विरासत की नींव वर्ष 1907 में रखी गई, जब दूरदर्शी उद्योगपति जमशेदजी टाटा ने भारत में आधुनिक इस्पात उद्योग स्थापित करने का साहसिक निर्णय लिया। उस समय देश में भारी उद्योगों की कल्पना भी कठिन मानी जाती थी, लेकिन सीमित संसाधनों और लगभग 21 हजार रुपये की प्रारंभिक पूंजी से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर वैश्विक पहचान बन गई। उनका उद्देश्य केवल उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के अवसर सृजित करना था।

जमशेदजी टाटा का जन्म 3 मार्च 1839 को गुजरात के नवसारी में एक पारसी परिवार में हुआ था। उनके पिता नसरवानजी टाटा पारसी पुजारी वर्ग से जुड़े "दस्तूर" परिवार के सदस्य थे। पारसी समुदाय के पूर्वज ईरान से भारत आकर गुजरात के संजान और बाद में नवसारी में बसे। प्रारंभ में परिवार का उपनाम "दस्तूर" था, जो समय के साथ "टाटा" के रूप में प्रचलित हो गया और आगे चलकर विश्वविख्यात पहचान बन गया।

जमशेदजी टाटा ने केवल उद्योग ही नहीं बसाया, बल्कि एक आदर्श औद्योगिक नगर का सपना भी देखा। इसी दूरदृष्टि का परिणाम है जमशेदपुर, जिसे आज देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में गिना जाता है। टाटा स्टील ने न केवल इस्पात उत्पादन में भारत को मजबूती दी।

# पीड़िता के घर पर बमबाजी, सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप सुरक्षा की मांग

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सरजमदा स्थित कुम्हार टोला की निवासी प्रिया देवी ने अपने पति की हत्या मामले में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अब गंभीर सुरक्षा खतरे की आशंका जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके परिवार को धमकाने के उद्देश्य से उनके घर के बाहर बम फेंका गया। प्रिया देवी के पति स्वर्गीय संजीव सिंह की वर्ष 2016 में गोविंदपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गोविंदपुर थाना (कांड संख्या 66/2016) दर्ज हुआ था और सत्र विचारण संख्या 402/2017 के रूप में मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम, जमशेदपुर की अदालत में चला। न्यायालय ने 21 जनवरी 2026 को दो आरोपितों को दोषी ठहराते हुए 27 जनवरी 2026 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पीड़िता का कहना है कि फैसले के बाद से ही दोषियों से जुड़े लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। हाल ही में उनके घर के बाहर देर रात बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने बम जलाकर फेंक दिया। इस घटना से पूरे परिवार में दहशत का माहौल है।

## संक्षिप्त

### जमशेदपुर में सैलून संचालक ने दुकान में लगाई फांसी

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में एक सैलून संचालक ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाबूडीह शंकर नगर रोड नंबर-1 निवासी मिथिलेश ठाकुर (39) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मिथिलेश ठाकुर शनिवार देर शाम तक घर नहीं लौटे, जिसके बाद परिवार के लोग चिंतित हो गए। काफी इंतजार के बाद परिजन उनकी कानूभट्ठा स्थित सैलून दुकान पर पहुंचे, तो दुकान अंदर से बंद थी। किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो अंदर मिथिलेश फंदे से लटके मिले। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत सिदगोड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि किसी पारिवारिक विवाद के कारण मिथिलेश ठाकुर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### समाजसेवी मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि पर सत्संग व भंडारे का आयोजन

**खूंटी।** खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड में समाजसेवी स्वर्गीय मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा, सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुरहू स्थित महर्षि मेंही आश्रम शान्तिपुरी शबरी कुटिया में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उनके पुत्र संतोष भगत, सुधीर भगत, सकलदीप भगत तथा सुपुत्री सुजाता जायसवाल द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए। सत्संग के दौरान स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को वास्तविक शांति सत्य के मार्ग पर चलने, ईश्वर का निरंतर स्मरण करने और परोपकार की भावना अपनाने से ही प्राप्त होती है।

# झालसा के छठे राज्य स्तरीय सम्मेलन का डोरंडा में शुभारंभ, उत्कृष्ट कार्यों पर सम्मान

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**रांची/मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में झारखंड के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणो की छठी राज्य स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में शुरू हुई। कार्यक्रम का उदघाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद,न्यायमूर्ति आनंद सेन,न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी, व सेवा निवृत्त न्यायमूर्ति अम्बुजनाथ व झालसा के सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना के द्वारा किया गया।राज्यस्तरीय सम्मेलन में तकनीकी विषयो पर सत्रो का आयोजन न्यायमूर्तियो ने किया।वही उत्कृष्ठ कार्य करने वाले डालसा से जुड़े लोगों को मोमेंटो व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा ,डालसा पलामू के सचिव राकेश रंजन, पलामू लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, मीडिएटर कुमार शिवाजी सिंह, बरुन कुमार सिंह, पैनल अधिवक्ता विक्रम सहाय, पीएलवी विनय प्रसाद,अनुरेखा देवी ,चन्द्रदीप प्रजापति ने भी भाग लिया।इस मौके पर झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने पीएलवी चन्द्रदेव प्रजापति को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मोमेंटो व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।बिदित हो कि पांकी थाना क्षेत्र के कुसडी गांव स्थित पुरानी बथान टोला में डायन बिसाही के अंधविश्वास में तीन लोगों की हत्या के बाद पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा ने संज्ञान लिया था। डालसा सचिव को पीड़ित परिवार को हरसम्भव मदद करने का निर्देश दिया था।इस आलोक में डालसा सचिव राकेश रंजन ने पीएलवी चन्द्रदेव प्रजापति को पीड़ित परिवार को मदद करने के लिए निर्देश दिया था। चन्द्रदेव प्रजापति के द्वारा घायल को निजी वाहन से इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया था।कुसडी गांव में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी।व दो लोग घायल थे।तीन शव अलग अलग स्थानों पर पड़े थे।पीएलवी चन्द्रदेव प्रजापति ने ग्रामीणों के सहयोग से ममता कुमारी व उनकी भाभी नीलू देवी को तत्काल इलाज के लिए आसेहार पहुँचाया था जहाँ निजी चिकित्सक से प्राथमिक उपचार कराया था।पीएलवी चन्द्रदेव प्रजापति द्वारा निभाई गई माननीय व सम्वेदनशील भूमिका की सराहना की गई थी।झालसा के द्वारा पीएलवी चन्ददेव प्रजापति को उनके असाधारण कार्य समर्पण व ईमानदार प्रयासो को मान्यता देते हुए सम्मानित किया गया।

## चौपारण के दैहर में कुशवाहा होली मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन



**चौपारण।** फागुन का महीना जैसे-जैसे अपने समाप्ति की ओर बढ़ रहा है और होली जैसे-जैसे करीब आते जा रही है लोगों में होली को लेकर हर्ष,उमंग और उत्साह का वातावरण बनते जा रहा है। इसी क्रम में चौपारण प्रखंड के सबसे बड़े पंचायत दैहर में कुशवाहा समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन चय परगना अध्यक्ष माहेश्वरी मेहता, प्रखण्ड अध्यक्ष सुखदेव दांगी, जीप अध्यक्ष उमेश मेहता, जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता, देवचरण दांगी राष्ट्र पति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक, समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि नागेन्द्र कुशवाहा सहित समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से आरंभ होकर संध्या 5:00 बजे तक आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजन स्थल पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंगों के महा महोत्सव होली की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी और आयोजन स्थल पर उपस्थित लोगों से मंच के माध्यम से अपील किया गया कि रंगों के इस उत्सव को लोग सदभावना पूर्वक हर्ष उल्लास और उमंग के साथ मनायें। इस कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक होली गीतों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने होली गीतों का जमकर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।कार्यक्रम में पूरे प्रखण्ड के सभी गावों के सैकड़ों महिला पुरुष भाग लिए। इस कार्यक्रम का आयोजन दैहर कुशवाहा समाज के द्वारा किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने हर्ष और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशवाहा समाज के प्रबुद्ध जनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद कुमार कुशवाहा, विजय दाँगी, मनोज दांगी( डीलर ), सुरेश दाँगी, उप मुखिया विकास कुमार, कृष्णा कुशवाहा, नरेश दाँगी, समेत समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के संभागीय सेमिनार में तंत्र साधना और समाज पर मंथन

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में आयोजित द्वितीय संभागीय सेमिनार के दूसरे दिन रविवार को आध्यात्मिक वातावरण और गहन चिंतन के बीच तंत्र साधना के व्यापक स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की गई। आनन्दमार्ग के वरिष्ठ आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत ने तंत्र साधना और समाज के ऊपर उसका प्रभाव विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि तंत्र मनुष्य के अंतर्निहित देवत्वबोध को जाग्रत कर उसे परम चेतना में रूपांतरित करने की सशक्त पद्धति है। आचार्य ने स्पष्ट किया कि तंत्र साधना का मूल उद्देश्य कुलकुण्डलिनी की सुप्त शक्ति को जाग्रत कर उसे परम शिव से मिलाना है। उनके अनुसार तंत्र कोई संकीर्ण धार्मिक पद्धति नहीं, बल्कि आत्म-विस्तार का मार्ग है जो जाति, वर्ण, संप्रदाय और मतवाद की सीमाओं को तोड़कर साधक को व्यापक चेतना की ओर अग्रसर करता है। यह साधना मनुष्य को पशुवत प्रवृत्तियों और मानसिक बंधनों से मुक्त कर उसके संपूर्ण अस्तित्व को उन्नत बनाती है। व्याख्यान में तंत्र के दार्शनिक आधार पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि इसकी साधनाएं पुरुषतत्त्व और प्रकृतितत्त्व पर आधारित हैं। बीजमंत्रों की सूक्ष्म शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि "हं, क्लीं, ऐं, श्रीं" जैसे बीजाक्षर चेतना को जाग्रत करने वाले ध्वन्यात्मक सूत्र हैं। तंत्र में वर्णमाला के पचास अक्षरों को पचास बीजशक्तियों के रूप में देखा गया है। शुद्धिकरण, नाड़ी तंत्र, कला, आहार तत्त्व और कुलकुण्डलिनी जैसे विषयों की वैज्ञानिक व्याख्या भी तंत्र शास्त्र में मिलती है।

## होली शांतिपूर्ण मानने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**गिद्धौर।** थाना परिसर में होली त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को संपन्न हुआ। अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव ने किया।बैठक में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार,सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा,उपप्रमुख प्रीतम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर यादव,जेएमएम पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमेश्वर दांगी,मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव समेत अन्य ने बारी बारी से प्रखंड में होली शांतिपूर्ण मनाने को लेकर चर्चा किया।वहीं अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है।साथ ही होली त्यौहार में अश्लील गाने नहीं बजाने के साथ साथ होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने की बात कही है।थाना प्रभारी शिवा यादव ने कहा कि होली का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर पुलिस प्रशाशन पूरी तरह अलर्ट है।

## चास कॉलेज में पीजी की मांग विधानसभा में उठी छात्र नेताओं ने विधायक का जताया आभार



**बोकारो।** रविवार को चंदनकियारी के लोकप्रिय विधायक से उनके आवास पर छात्रों एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर चास कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को विधानसभा में उठाने के लिए आभार व्यक्त किया। छात्र नेता युगदेव माहथा ने कहा कि विधायक द्वारा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक मांग को झारखंड विधानसभा के पटल पर मजबूती से रखने से क्षेत्र के छात्रों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि यदि चास कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू होती है तो चास-चंदनकियारी समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर स्नातकोत्तर की सुविधा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा और क्षेत्र में शैक्षणिक माहौल मजबूत होगा। मुलाकात के दौरान मंजेश महथा, संदीप रजवार, शंभू पांडेय, प्रकाश कुमार सहित कई छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस दिशा में ठोस पहल होगी और चास कॉलेज उच्च शिक्षा का सशक्त केंद्र बनेगा।

## धनबाद नगर निगम के मेयर बने संजीव सिंह

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव में जनता ने अपना नया मेयर चुन लिया है। धनबाद की जनता ने संजीव सिंह को रिकॉर्ड 114362 मत देकर धनबाद का नया मेयर बना दिया है। 27 फरवरी को शुरू हुआ मतगणना दूसरे दिन 28 फरवरी तक चला। निगम के 55 वार्डो के साथ मेयर प्रत्याशी की गिनती पुरी हो गई है। मतगणना के पहले चक्र से लगातार संजीव सिंह 10वे राउंड तक बढ़त बना रहा। संजीव सिंह को कुल वोट 114362 मिले, जबकि जेएमएम समर्थित प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल 82460 वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

# रामगढ़ नगर परिषद चुनाव बना डिजिटल मिसाल, 11 लाख से अधिक लोगों ने लाइव देखा परिणाम

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद चुनाव ने इस बार प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल तकनीक के उपयोग का नया इतिहास रच दिया। पारंपरिक सूचना प्रणाली से आगे बढ़ते हुए जिला प्रशासन ने एक अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मतगणना और चुनाव परिणामों को वास्तविक समय में जनता तक पहुंचाया, जिसे देश-विदेश में व्यापक सराहना मिली।

**डिजिटल सिस्टम से पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया :** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के जिला सूचना अधिकारी सह संयुक्त निदेशक बीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में विकसित निष्ठाक (न्यूट्रल इंटीग्रेटेड सिक्योर हार्मोनाइज पर्सनल एलोकेशन एंड कंट्रोल सिस्टम) को चुनाव प्रक्रिया में लागू किया गया। इस प्रणाली का उद्देश्य निष्पक्ष, सुरक्षित और एकीकृत कार्मिक तैनाती एवं आवंटन व्यवस्था तैयार करना था, जिससे प्रशासनिक जटिलताएं कम हों और चुनाव परिणाम तुरंत सार्वजनिक किए जा सकें। यह पहल डिजिटल तकनीक और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रभावी समन्वय का उदाहरण बनी।

**उच्च तकनीकी मानकों पर तैयार प्लेटफॉर्म :** सिस्टम को एनआईसी के उच्च सुरक्षा और तकनीकी मानकों के अनुरूप विकसित किया गया। बहुस्तरीय तकनीकी ढांचे के कारण डेटा प्रोसेसिंग अत्यंत तेज रही और कुछ मिलीसेकंड में हजारों गणनाएं संभव हो सकीं। चुनाव परिणामों को सार्वजनिक करने के लिए निजी डोमेन का उपयोग किया गया, जिससे नागरिकों को सरल और तेज पहुंच उपलब्ध हुई। वेबसाइट का डैशबोर्ड हर 20 सेकंड में स्वतः रीफ्रेश होता था, जिससे मतगणना केंद्र और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बीच किसी प्रकार की देरी नहीं रही।

**ऑपरेशनल इनोवेशन से कम हुई मानवीय त्रुटि :** मतगणना के दौरान संभावित मानवीय त्रुटियों और मीडिया दबाव को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक नवाचार लागू किए गए। समाचार चैनलों की शैली में तैयार लाइव डैशबोर्ड पर विजेताओं के नाम लगातार स्क्रॉल होते रहे।

# श्याम मंदिर में ज्योत का हुआ आयोजन, भजनों के कार्यक्रम में झूमे श्रद्धालु

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**झुमरीतिलैया।** श्याम फाल्गुन महोत्सव संग मासिक अरदास महोत्सव को लेकर झुमरीतिलैया के श्री श्याम बाबा पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर खीर व चूरमा का प्रसाद चढ़ाया गया। सैकड़ों भक्तों ने अहले सुबह से ही पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। अबीर-गुलाल व फूलों की होली खेली गई। श्रद्धालु भक्त रंगों के त्योहार में विभिन्न रंगों से सराबोर हो गए थे। मंदिर परिसर में बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार किया गया। संगीतमय भजन कार्यक्रम में रातभर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे एवं खाटू नरेश के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। प्रसिद्ध भजन गायक रवि दाहिमा ने.. मेरी बात बन रही है.., कैलाश पोद्दार ने.. कीर्तन रात बाबा आज थान आनो है.., जमशेदपुर से आए भजन गायक मनोज शर्मा ने.. बाजरे की रोटी खाले श्याम, चूरमा को भूल जाओगे., प्रदीप कंदोई ने जन्म-जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा., भजन प्रस्तुत किया जिस पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्याम मन्दिर कमेटी पोद्दार परिवार द्वारा किया गया एवं सहयोग संस्था श्याम शरण में आजा रे के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार पोद्दार, शिवकुमार पोद्दार, पवन पोद्दार, मुकेश भालोटिया, दिलीप गोयनका, बजरंग लाल गोयनका, परमानंद साह, आयुष पोद्दार, महेश पोद्दार, गमीना देवी, गीता देवी, किरण पोद्दार, खुशबू देवी समेत श्री श्याम मित्र मण्डल, महिला निशान समिति, अग्रवाल समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी युवा मंच के अलावा अन्य समाज के कई श्रद्धालु उपस्थित थे। दूसरी ओर पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक महावीर खेतान ने कीर्तन की रात बाबा आज थाने आनो है., भजन गायक गिरधारी सोमानी ने ..दरबार अनोखा सरकार अनोखी, आसनसोल से आए भजन गायक रोहित खाटूवाला ने.. तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से होली खेलांगा अपा गिरधर गोपाल से भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को खूब झूमाया। भजन गायक ममता चौधरी, सीमा सहल, संगीता जेठवा ने भजन प्रस्तुत किया।

# अचानक घर में आग लगने से सारा सामान जलकर राख

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना के गाजाडीह इलाके में रविवार दोपहर अचानक एक घर में आग लग गई। पीड़ित भुनेश्वर प्रसाद के एस्बेस्टस निर्मित मकान में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय भुनेश्वर प्रसाद और उनकी पत्नी लक्की प्रसाद मजदूरी करने बाहर गए हुए थे, जबकि घर में उनकी बेटी अकेली थी। बेटी ने बताया कि वह दूसरे कमरे में काम कर रही थी, तभी अचानक उसे आग की लपटें दिखाई दीं। आग किस कारण से लगी, इसका उसे पता नहीं चल पाया। कुछ ही देर में धुआं और लपटें पूरे घर में फैल गईं। जान बचाने के लिए वह तुरंत बाहर निकली और जोर-जोर से चिल्लाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन गली संकरी होने के कारण अग्निशमन वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद स्थानीय लोगों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अगलगी में घर में रखा टीवी, कपड़े, बर्तन, आवश्यक कागजात तथा बहन की शादी के लिए रखा सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घर में रखी नकद राशि भी आग की भेंट चढ़ गई। पीड़ित वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना में लगभग दो लाख रुपये तक की क्षति हुई है।

## संपादकीय

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

**भारत** जैसे बहुलतावादी देश में लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि साझी विरासत और साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है। यहां विविध भाषाएं, संस्कृतियां, धर्म और परंपराएं मिलकर एक समृद्ध सामाजिक संरचना का निर्माण करती हैं। संविधान ने प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है, ताकि विचारों का मुक्त प्रवाह बना रहे और लोकतांत्रिक बहस सजीव रहे। किंतु यह स्वतंत्रता निरंकुश नहीं है; इसके साथ सामाजिक मयार्दा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता भी जुड़ी है। पिछले कुछ समय में यह प्रवृत्ति देखने को मिली है कि अभिव्यक्ति की आड़ में ऐसे कथन या रचनाएं सामने आती हैं, जो किसी विशेष समुदाय को कटघरे में खड़ा करने या नकारात्मक छवि गढ़ने का काम करती हैं। चाहे वह किसी फिल्म की कहानी हो, मंच से दिया गया बयान हो या फिर सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री–इन सबका प्रभाव व्यापक और दूरगामी होता है। जब समाज के प्रभावशाली लोग असावधानी बरतते हैं, तो उनके शब्द जनमानस में अविश्वास और विभाजन की दीवारें खड़ी कर सकते हैं। हाल ही में एक विवादित फिल्म के प्रसंग में सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय एकता के लिए भाईचारे की आवश्यकता को रेखांकित किया। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट किया कि किसी भी उच्च पद पर आसीन व्यक्ति या प्रसिद्ध सार्वजनिक हस्ती द्वारा धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर किसी समुदाय को अपमानित करना संविधान की भावना के विपरीत है। यह टिप्पणी केवल एक मामले तक सीमित नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में आचरण की मयार्दा का मार्गदर्शन करती है। यह समझना होगा कि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का स्थान है, परंतु द्वेष और भड़काऊ अभिव्यक्ति का नहीं। सामाजिक संवाद तभी फलदायी होता है, जब उसमें सम्मान और संयम हो। यदि अभिव्यक्ति की आजादी का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक किया जाए, तो वह समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन सकती है; किंतु यदि उसका दुरुपयोग हो, तो वह विभाजन और वैमनस्य को जन्म देती है।

# एलियंस की तलाश या वैज्ञानिक भ्रम?

**अभिषेक कुमार सिंह**



दशकों से दुनिया भर के खगोल विज्ञानी इस पहेली को हल करने के लिए आकाश-पाताल एक करते रहे हैं कि क्या इस ब्रह्मांड में हमसे भी अधिक बुद्धिमान कोई सभ्यता मौजूद है! हाल में, इसकी चर्चा एक बातचीत में शामिल हुए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की एक टिप्पणी से उठी है, जिसमें उन्होंने एलियंस, यानी परग्रही सभ्यता के अस्तित्व को स्वीकार किया। हालांकि बाद के स्पष्टीकरण में उन्होंने साफ किया कि अंतरिक्षीय दूरियों के कारण पृथ्वी पर एलियंस के आने की संभावना कम है, लेकिन ब्रह्मांड की विशालता यह संभावना जगाती है कि पृथ्वी के पार दूसरी कोई दुनिया अवश्य हो सकती है। सत्ता प्रतिष्ठानों और विज्ञानियों की ओर से पहले भी परग्रही जीवन या एलियंस की संभावनाओं को लेकर काफी कुछ कहा-सुना जाता रहा है। इस संबंध में हमारी जिज्ञासाओं का कोई अंत इसलिए नहीं है, क्योंकि हमारे पास अभी इसका कोई जवाब नहीं है कि इस ब्रह्मांड में कोई दूसरी सभ्यता है या नहीं। इसीलिए नए दावों, नई खोजों के साथ विशाल सौरमंडल में कहीं और जीवन की संभावनाओं को लेकर अक्सर चर्चा और बहस छिड़ जाती है। करीब तीन वर्ष पहले मैक्सिको की संसद में सुनवाई के दौरान जब दो गैर इंसानी जीव के शवों को दिखाया गया था, तो सोशल मीडिया पर इन्हें लेकर काफी हंगामा मच गया। यह पहला अवसर था, जब परग्रही सभ्यताओं के कथित सबूतों के साथ एक देश की संसद में आधिकारिक रूप से धरती के बाहर जीवन की संभावना का उल्लेख किया गया। सलेटी-भूरे रंग के ममीकृत इन शवों का चेहरा-मोहरा काफी हद तक इंसानों जैसा था। इन शवों के 1800 साल पुराने होने का खुलासा मेक्सिको का राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय द्वारा किए गए रेडियो कार्बन डेटिंग विश्लेषण से हुआ था। इस विश्वविद्यालय के भौतिकी संस्थान ने बयान जारी कर पुष्टि की थी कि वहां इन शवों की उम्र का पता लगाने के तो परीक्षण किए, लेकिन इसका कोई परीक्षण नहीं हुआ कि इन जीवों की उत्पत्ति कहां हुई। यानी इस बारे में पुख्ता तौर पर नहीं कहा जा सकता कि ये शव एलियंस के ही हैं। शायद यही वजह रही कि बहुत से वैज्ञानिकों और शोधकताओं ने मैक्सिको में किए गए दावों को सिरे से खारिज कर दिया।

यह आश्चर्य ही है कि आम लोगों से हटकर वैज्ञानिक, अंतरिक्ष इंजीनियर और नासा-इसरो जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के शीर्ष अधिकारी और ब्रिटिश भौतिकशास्त्री दिवंगत स्टीफन हॉकिंग जैसे विचारक भी परग्रही सभ्यताओं के अस्तित्व को स्वीकारते रहे। मुश्किल यह है कि एलियंस के वजूद से जुड़ी गुत्थियों को ब्रह्मांड के अनंत विस्तार और इसके एक छोर से दूसरे छोर की सदियों लंबी दूरियों को देखते हुए सुलझाना आसान नहीं है। कई बार दावे के साथ कहा गया कि एलियंस या उनके यानों को देखा गया, उनके विचरण को रिकार्ड किया गया। फिर भी दावों पर यकीन करना मुश्किल रहा है। ऐसा क्यों है कि परग्रही सभ्यता और यूएफओ के बारे में कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पा रहा है? इसका एक जवाब दस साल पहले वर्ष 2016 में शोध पत्रिका एस्ट्रोबायोलाजी में प्रकाशित हुआ था। इसमें भारतीय मूल के अंतरिक्ष विज्ञानी आदित्य चोपड़ा और प्रो चार्ली लाइनवीवर ने यह निष्कर्ष दिया था कि पृथ्वी से परे अन्य ग्रहों पर जीवन के लायक हालात ही नहीं हैं। लिहाजा उन पर एलियंस तो क्या, कैसा भी जीवन संभव नहीं है। यहां तक कि सौरमंडल के ही ग्रह मंगल और शुक्र पर 400 करोड़ साल पहले जीवन लायक स्थितियां बनी थीं, पर वहां भी पर्यावरण इतना अनुकूल नहीं रहा कि एलियंस पैदा होकर पनप पाएं। ये नतीजे सामने आने के बाद सवाल यह है कि क्या अब अंतरिक्ष में ऐसी खोजों का कोई महत्त्व रह गया है? खासतौर से इसरो जैसे भारतीय संगठनों को अब क्या करना चाहिए, क्योंकि उसके चंद्र और मंगल अभियानों को ही खचीर्ला बताकर उनकी आलोचना होती रही है।

*यह आश्चर्य ही है कि आम लोगों से हटकर वैज्ञानिक, अंतरिक्ष इंजीनियर और नासा–इसरो जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के शीर्ष अधिकारी और ब्रिटिश भौतिकशास्त्री दिवंगत स्टीफन हॉकिंग जैसे विचारक भी परग्रही सभ्यताओं के अस्तित्व को स्वीकारते रहे। मुश्किल यह है कि एलियंस के वजूद से जुड़ी गुत्थियों को ब्रह्मांड के अनंत विस्तार और इसके एक छोर से दूसरे छोर की सदियों लंबी दूरियों को देखते हुए सुलझाना आसान नहीं है। कई बार दावे के साथ कहा गया कि एलियंस या उनके यानों को देखा गया, उनके विचरण को रिकार्ड किया गया। फिर भी दावों पर यकीन करना मुश्किल रहा है। ऐसा क्यों है कि परग्रही सभ्यता और यूएफओ के बारे में कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पा रहा है? इसका एक जवाब दस साल पहले वर्ष 2016 में शोध पत्रिका एस्ट्रोबायोलाजी में प्रकाशित हुआ था। इसमें भारतीय मूल के अंतरिक्ष विज्ञानी आदित्य चोपड़ा और प्रो चार्ली लाइनवीवर ने यह निष्कर्ष दिया था कि पृथ्वी से परे अन्य ग्रहों पर जीवन के लायक हालात ही नहीं हैं। लिहाजा उन पर एलियंस तो क्या, कैसा भी जीवन संभव नहीं है। यहां तक कि सौरमंडल के ही ग्रह मंगल और शुक्र पर 400 करोड़ साल पहले जीवन लायक स्थितियां बनी थीं, पर वहां भी पर्यावरण इतना अनुकूल नहीं रहा कि एलियंस पैदा होकर पनप पाएं। ये नतीजे सामने आने के बाद सवाल यह है कि क्या अब अंतरिक्ष में ऐसी खोजों का कोई महत्त्व रह गया है? खासतौर से इसरो जैसे भारतीय संगठनों को अब क्या करना चाहिए, क्योंकि उसके चंद्र और मंगल अभियानों को ही खचीर्ला बताकर उनकी आलोचना होती रही है।*

यह सच है कि बीते कई दशकों में एलियंस की खोज कहीं नहीं पहुंची है, लेकिन कई विशेषज्ञ इस धारणा के धुर समर्थक रहे कि ब्रह्मांड में कहीं न कहीं इंसानों जैसी या उससे भी ज्यादा बुद्धिमान सभ्यता मौजूद है। करीब एक दशक पहले एक टेलीविजन चैनल (डिस्कवरी) पर प्रसारित एक श्रृंखला में कहा गया था कि अन्य ग्रहों पर भी बुद्धिमान प्राणी हो सकते हैं और संभव है कि वे संसाधनों की तलाश में पृथ्वी पर हमला करें। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर एलियंस पृथ्वी पर आते हैं तो उसका वैसा ही परिणाम होगा, जैसा कोलंबस के अमेरिका पहुंचने पर वहां के मूल निवासियों का हुआ था। अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी- नासा भी हाकिंग की राह पर चलती रही है। उसने इसके लिए पहले सेटी (सर्च फॉर एक्स्ट्रा टेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस) जैसा व्यापक अभियान चलाया। उससे जब कुछ नहीं मिला तो 2015 से नेक्सस (नेक्सस फॉर एक्सोप्लैनेट सिस्टम साइंस) नामक अभियान की शुरूआत की थी। एलियंस के वजूद में भरोसा रखने वालों के नजरिए से देखें, तो कहा जा सकता है कि इस ब्रह्मांड में असंख्य आकाशगंगाएं हैं, इसलिए यह सोचना सांख्यिकीय तर्क के हिसाब से सही हो सकता है कि उनमें कहीं न कहीं जीवन हो। मगर पिछले कई दशकों से दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने इस सवाल का जो जवाब खोजा था, वह यही है कि ब्रह्मांड में इंसान अकेला है।

इस उत्तर को मुकम्मल नहीं मानने की एक वजह यही रही कि इस काम में तकनीकी सीमाएं कायम रही हैं। पहले दुनिया के पास न तो बेहद ताकतवर टेलीस्कोप थे और न ही वैसे संकेत पकड़ने वाले यंत्र, जो अंतरिक्ष से आने वाली हर सूक्ष्म आहट को एक अलग प्रकार के जीवन की तरफ से संवाद की कोशिश के रूप में दर्ज कर सकें। दूसरी बड़ी खामी इस मान्यता से जकड़े रहना रहा कि दूसरी दुनिया भी हमारी पृथ्वी जैसी होगी और उस पर इंसान जैसे जीव ही बसते होंगे। यह अवधारणा परग्रही जीवन खोजने में बाधक बनी। मगर आधुनिक तकनीक के सहारे भी हमारे ही सौरमंडल में मौजूद दो ग्रहों यानी मंगल और शुक्र पर अभी तक न तो जीवन के कोई संकेत मिले और न ही इसकी कोई संभावना नजर आई है कि इन पर भविष्य में भी जीवन संभव हो सकता है। इसका कारण है इन ग्रहों का तापमान, वायुमंडलीय दबाव और सूर्य से इनकी दूरी। कहीं बेहद ऊंचे या अत्यधिक कम दाब व तापमान, तो कहीं जहरीली गैसों की मौजूदगी ने जीवाणु आधारित जीवन की संभावनाओं को पलीता लगा रखा है। चूंकि अब तक का तकनीकी ढांचा पृथ्वी से परे किसी भी जीवन संकेत को खोज नहीं पाया है, लिहाजा बेहतरी इसी में है कि एलियंस की खोज और संपर्क का काम छोड़ दिया जाए और इसे उन्हीं के हवाले छोड़ा जाए कि वे बताएं कि उनका कोई वजूद है। कम से कम इसरो जैसे भारतीय संगठनों और हमारे वैज्ञानिकों को इस खोज से परहेज ही करना चाहिए। इनके बजाय स्वदेशी जीपीएस तंत्र को कारगर बनाने और देश के दुर्गम इलाकों को बाढ़ और सूखे से बचाने की जानकारियां दिलाने में कारगर उपग्रहों की तैनाती पर जोर देना चाहिए। ये बुनियादी चीजें ही अंतरिक्ष में हमारी जानकारी के हिसाब से ज्यादा महत्त्व रखती हैं।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# बोलने का अंदाज ही पहचान

**रितुप्रिया शर्मा**



यह आमतौर पर कहा जाता है कि वाणी ही अमृत है और यह विष भी है। वाणी जितनी सरल और मधुरता लिए होगी, उतनी ही यह गुंजाइश होगी कि हम अपने जीवन में सफल हो पाएं। सही बातों को भी बोलने का अंदाज उसके प्रभाव को सकारात्मक या नकारात्मक बना देता है। अगर कोई उचित राय भी जाहिर करते हुए वाणी को कठोर बना कर बोला जाए, तो इससे न सिर्फ संबंध बिगड़ते हैं, बल्कि यह स्थिति विकट परिस्थितियों को भी जन्म देने में सक्षम है। यह बिल्कुल आवश्यक नहीं है कि हमारा विचार किसी अन्य व्यक्ति से मिले या प्रभावित हो और हम उसके अनुकूल ही बात करें। मगर अपनी बात समझाने के लिए हमें अपनी वाणी, यानी संवाद की शैली को सुमधुर बनाना बहुत आवश्यक है। वाणी की मधुरता दूसरे के प्रति सम्मान, धैर्य और समझ का प्रतीक है। उचित, लेकिन संयमित लहजे में प्रतिकार जरूरी है, लेकिन सही संवाद यह सिखाता है कि किसी की भावना को ठेस पहुंचाए बिना हम कैसे अपनी बात को सामने वाले पक्ष तक पहुंचाएं। दरअसल, मधुर संवाद हमारा वह साथी है, जो किसी भी तरह के हालात को बदलने में सक्षम है। किसी भी काम की शुरूआत और उसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए संवाद की शैली ही व्यवहार का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे हम उसकी पूर्णता को प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में भी देखा जाए, तो माता-पिता से लेकर बच्चों तक के बीच संवाद खुला होना चाहिए। उसमें सौम्यता होनी चाहिए। अगर हम ऐसा करने में सफल होते हैं, तो हम पीढ़ियों के बीच होने वाले वैचारिक मतभेद को कम कर सकते हैं। आजकल पीढ़ियों के बीच सोच-समझ के अंतर पर जोर देकर कई बार परिवार के बीच भी आपसी दूरी की स्थिति को सही ठहराया जाता है।

समाज के परिप्रेक्ष्य में भी देखें, तो वही व्यक्ति समाज का सही नेतृत्व कर सकता है, जिसके पास मधुर संवाद और उसका प्रभाव हो। इसकी सीधी वजह यह है कि जिस व्यक्ति की बोली मधुर होगी, उसी की बात लोग सुनेंगे, गुनेंगे और उसी पर विचार करेंगे। कड़वी भाषा में बोली गई बात को आमतौर पर लोग नजरअंदाज करते हैं या फिर उससे असहमत होने के मानस में चले जाते हैं। हालांकि कई बार सच कड़वा होता है, लेकिन उसे बोलने के अंदाज में स्वीकार्यता का ध्यान रखना चाहिए। बड़े से बड़े विवादों के बीच अगर हम कठोर शब्दों के बजाय मधुर शब्दों का प्रयोग करें, तो विवाद शांति और समझाइश से सुलझाए जा सकते हैं। हमारा संवाद ऐसा होना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति को दिल से बुरा न लगे। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हमें सामने वाले को भी सुनना चाहिए और उसकी परिस्थिति को समझकर उसके प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखना चाहिए। बाद में भ्रम पैदा न हो, इसका भी ध्यान रखना चाहिए, साथ ही संवाद स्पष्ट और सम्मानजनक होना चाहिए। किसी भी प्रकार की असहमति से आहत न होना भी मधुर संवाद की विशेषता है। तेजी से बदलते दौर में सोशल मीडिया पर लोग आज जिस तरह की भाषा का उपयोग करते हुए संवाद करते हैं, उससे धीरे-धीरे हमारी संवेदनशीलता और संवाद शैली प्रभावित हो रही है। कई बार हम बिना सोचे-समझे भी किसी के बारे में कुछ कह बैठते हैं और बात फिर बिगड़ती चली जाती है। ऐसे में हमें अपने संवाद और संदेश की मधुरता का ध्यान रखना होगा। हर संदेश को संयम और धैर्य के साथ भेजना ही संवाद शैली की एक विशेषता है। हमें ऐसा लग सकता है कि हम अपने विरोधी से क्यों मधुर स्वर में बात करें, लेकिन अपने विरोधी से भी प्रेम से बात करना केवल शिष्टाचार नहीं है, बल्कि हमारी स्वयं की दूरदर्शिता है। इससे न केवल हम विपक्षी को अपने पक्ष में ला सकते हैं, बल्कि अपने काम में आ रही बाधाओं को भी दूर कर सकते हैं।

मधुर संवाद के लिए हमें ज्यादा कुछ करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। बस इतना ही करना काफी है कि बोलने से पहले उस बात पर विचार कर लिया जाए। हमेशा सकारात्मक शब्दों का चयन करना चाहिए और कभी-कभी प्रशंसा करने में कंजूसी नहीं बरतनी चाहिए। क्रोध में हमेशा मौन रहने की जरूरत है और किसी के द्वारा की गई आलोचना को नकारात्मक रूप से न लेकर, उसमें अपने प्रति भलाई हो, तो वह ढूंढना चाहिए। वरना उसे छोड़ देना चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा है कि हमें ऐसी वाणी बोलनी चाहिए, जो सत्य हो, हितकारी हो और प्रिय भी हो। प्रकृति ने मनुष्य को अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाया है और इस श्रेष्ठता के मायने यह है कि मनुष्य के पास संवाद की क्षमता है। यह संवाद केवल क्षमता तक सीमित नहीं है, ये हमारे संवाद के कौशल, यानी उसकी मधुरता और संवेदनशीलता पर भी निर्भर है। मधुर संवाद क्षमता सामने वाले के मन का बोझ दूर करती है। माता-पिता अगर बच्चे से बात करते समय मधुर संवाद का कौशल अपनाएंगे, तो बच्चे पर प्रभाव सकारात्मक होगा। अगर एक अधिकारी अपने अधीनस्थों से मधुर संवाद रखेगा, तो काम में प्रवीणता आएगी और अगर पति-पत्नी के संबंधों के बीच या फिर मित्र और मित्र के बीच में मधुर संवाद होगा, तो आपसी गलतफहमियां स्वतः ही दूर हो जाएंगी। जरूरी बात यह है कि हमारी बात में दृढ़ता तो हो, लेकिन कटुता नहीं। भाषा की मधुरता जीवन का सच्चा रंग है, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। बड़े से बड़े सफल व्यक्ति ने यही मधुर संवाद शैली अपनाकर अपने जीवन को कामयाब बनाया है और इसके जरिए हम भी अपने जीवन को सफल और सुगम बना सकते हैं।

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**सोमवार** 2026 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 17.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.19 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे, वणिज 17.56 बजे तदनन्तर विष्टि 05.29 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872636
**जूलियन दिन** 2461101.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** फाल्गुन चौमासी चौदस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.34 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.42 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.19 ब.से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | धनु | 01.35 बजे से |
| | | मकर | 03.40 बजे से |
| | | कुंभ | 05.26 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8787



**बाएँ से दाएँ**

1. जी, इच्छा, चित्त-2
2. तन, बदन, देह-3
4. अग्निदग्ध-2
6. रनिवास (उर्दू-3)
7. स्नान करना-3
8. विश्राम-3
9. राजा, सम्राट-3
10. वचन, प्रतिज्ञा-3
11. तरंग, हिलोर-3
13. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14. सही का विलोम-3
15. सद्पुरुष-2
16. पाठ, शिक्षा-3
17. कर्ता, कार्य करने वाला-3
18. इज्जत, मान, सम्मान-3
19. सब कुछ छीन लेना-2
20. भवन, प्रासाद-3
21. वजह-3
23. खेल दिखाने वाला-2
24. पेन, लेखनी-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. राय, वोट, अभिप्राय-2
2. लाज. लज्जा-2
3. 500 कागजों की गड्डी -2
4. दुनिया, जगत-3
5. लेकर आना-2
6. अवैध, नाजायज-3
7. निगाह, दृष्टि-3
8. बैठने की जगह-3
9. आराम, मदद-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. लगन, जिद, उत्साह-3
12. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14. जवान, तरुण-3
15. रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16. दुर्बल का विलोम-3
17. वजह-3
18. पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19. रनिवास (उर्दू-3)
20. जी, इच्छा, चित्त-2
21. समयगति-2
22. देह, बदन-2

**शब्द पहेली -8786 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ध | ■ | प | ना | ह | ■ | शा | न |
| त | र | ह | ■ | क | व | च | ■ | शा |
| ■ | ती | र | थ | ■ | स | प | ना | ■ |
| घ | ■ | म | का | न | ■ | ल | च | क |
| रा | ख | ■ | न | ज | र | ■ | ना | म |
| ना | र | द | ■ | ला | क | र | ■ | र |
| ■ | ल | ह | र | ■ | म | वा | ली | ■ |
| रा | ■ | न | क | ल | ■ | ना | प | ना |
| ज | रा | ■ | म | त | ली | ■ | ना | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7721** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7720 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## क्या 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल को मिला एकता कपूर का ओटीटी प्रोजेक्ट? शादी पर कही बड़ी बात



**हाल** ही में तान्या मित्तल को प्रोड्यूसर एकता कपूर के बंगले पर देखा गया। हालांकि यह मीटिंग किस तरह की थी, इसके बारे में ज्यादा डिटेल नहीं मिली है। लेकिन टीवी इंडस्ट्री से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि एकता कपूर अपने एक आने वाले ओटीटी प्रोजेक्ट के लिए तान्या मित्तल के साथ हाथ मिला रही हैं। तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' में अपने ट्रेडिशनल अटायर के लिए काफी मशहूर हुईं। वह हमेशा ही साड़ी में नजर आती हैं। एकता कपूर से मिलने भी वह साड़ी में पहुंची हैं। अपकमिंग ओटीटी प्रोजेक्ट में तान्या का लुक भी शायद ट्रेडिशनल ही हो। वैसे इस बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है कि तान्या किस तरह का रोल एकता कपूर के ओटीटी प्रोजेक्ट में करेंगी।

बोमन ईरानी ने बताया

## मैं स्टेज पर खड़ा था, हैरान था, और मेरे रोंगटे खड़े हो गए




**सीनियर** एक्टर और फिल्ममेकर बोमन ईरानी के लिए यह पल सच में यादगार बन गया, जब उनके डायरेक्टोरियल डेब्यू द मेहता बॉयज़ को स्पोकन फेस्ट में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिले। भारत की बेहतरीन आवाज़ों का जश्न मनाने वाले इस दो दिन के फेस्टिवल में एक दिल छू लेने वाला नज़ारा तब बना, जब स्टेज पर होस्ट्स ने फिल्म का नाम लिया और करीब 5000 स्पोकन वर्ड प्रेमियों ने एक साथ जोरदार चीयर कर दिया। हॉल की एनर्जी ऐसी थी जैसे करंट दौड़ गया हो। बोमन खुद भी हैरान रह गए, और साफ दिख रहा था कि वो इस प्यार से गहराई तक भावुक हो गए हैं। इस पल को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि यह लम्हा उन्हें ऐसी खुशी दे गया जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। 5000 लोगों ने एक साथ उनकी 'बेबी' 'द मेहता बॉयज़' का नाम सुना जो आवाज़ दी, वो किसी रॉक बैंड जैसी ट्रीटमेंट थी। वो स्टेज पर खड़े थे, पूरी तरह चौंके हुए... और रोंगटे खड़े हो गए थे। स्पोकन फेस्ट में गूंजती तालियों की यह आवाज़ इस बात का सबूत है कि द मेहता बॉयज़ आज भी दर्शकों के दिलों से गहराई से जुड़ रही है। वर्क फ्रंट की बात करें तो बोमन ने हाल ही में खोसला का घोसला 2 का दिल्ली शेड्यूल पूरा किया है। इसके बाद वो हैवान में अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। साथ ही वो पेड़ी में भी दिखेंगे, जिसमें उनके साथ राम चरण हैं, और जो 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।



## रोम की गलियों में राशि खन्ना परिवार के साथ बिता रही हैं यादगार पल

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री राशि खन्ना अपनी बहुमुखी प्रतिभा को लेकर दर्शकों के दिलों में खास जगह रखती हैं। इन दिनों अभिनेत्री इटली की सैर पर हैं। खास बात ये है कि वे अपने परिवार के साथ गई हैं। गुरुवार को अभिनेत्री ने इसकी कुछ शानदार झलक इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। पहली तस्वीर में एक कपल एक दूसरे को गुलाब का फूल देते नजर आ रहे हैं। वहीं बाकी तस्वीरों में वे इटली के रोम में घूमती नजर आ रही हैं। कुछ में वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, 'रोम की सबसे खूबसूरत बात मेरे सामने मेज के उस पार बैठी थी।' अभिनेत्री की पोस्ट उनके फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई यूजर्स तो हार्ट और फायर के इमोजी शेयर कर रहे हैं।

राशी की बात करें तो वे साउथ सिनेमा की उम्दा अदाकाराओं में से एक हैं। वे इंडस्ट्री में शानदार एक्टिंग के साथ-साथ गायिकी के लिए भी जानी जाती हैं। तेलुगु और तमिल सिनेमा में कई हिट फिल्में दे चुकीं राशि सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी के मजेदार पल और प्रोफेशनल अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

साउथ सिनेमा के बाद अब वे फिल्म '120 बहादुर' में नजर आई थीं। फिल्म में वे इरफान खान के अपोजिट थीं।



## सुभाष घई ने युवाओं को दी सीख, बोले- एआई को दुश्मन नहीं

हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक सुभाष घई अक्सर सोशल मीडिया पर अपने विचार रखते रहते हैं। उनकी फिल्में गहरी सोच और समाज को आईना दिखाने के लिए मशहूर हैं। बुधवार को उन्होंने अपनी फिल्मों को लेकर विचार व्यक्त किए। सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट किया। इसमें उनकी हिट फिल्मों के टाइटल राम-लखन, सौदागर, खलनायक, नायक, परदेस और ताल समेत कई नाम शामिल हैं। सुभाष ने अपनी इस पोस्ट के जरिए युवाओं को नई ऊर्जा देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि काम शानदार करो कि वह फिल्म इंडस्ट्री के लिए ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक हो। वे कहते हैं कि काम इतना शानदार हो कि वह खुद बोलता रहे, व्यक्ति की जरूरत न पड़े। सुभाष ने लिखा, 'आने वाले समय में किसी भी व्यक्ति की असली पहचान उसकी बातों से नहीं बल्कि काम से होगी। काम के जरिए ही उसके विचार और सोच का पता चलेगा। उन्होंने लिखा, 'दर्शक लंबे समय तक फिल्म को याद रखते हैं। फिल्म बनाने वाले निर्देशक या क्रिएटर को नहीं, बल्कि फिल्मकार को हमेशा बेहतर करने की कोशिश जारी रखनी चाहिए। उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए युवा को सलाह दी कि जब तक समय है, सीखते रहो, आगे बढ़ते रहो।

फिल्म को बताया दिलों को छू लेने वाली कहानी

## जावेद अख्तर को भा गई तापसी पन्नू की 'अस्सी'





सामाजिक-राजनीतिक और रियलिस्टिक फिल्मों के लिए हिंदी सिनेमा के जाने-माने डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर भले ही फिल्म धीमी कमाई कर रही है, लेकिन फिर भी फैंस के दिलों पर छाप छोड़ रही है। गीतकार और लेखक जावेद अख्तर नेसमाज की कड़वी और गंदी मानसिकता पर चोट करती फिल्म 'अस्सी' की तारीफ की है। तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' देशभर में महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न की सच्चाई को उजागर करती है। फिल्म में कोर्टरूम ड्रामा से लेकर पीड़िता को उस दौरान किन चीजों का सामना करना पड़ता है, इन सभी पहलुओं को बारीकी से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म गीतकार जावेद अख्तर के दिल में उतर चुकी है। गीतकार ने फिल्म की तारीफ कर लिखा कि अस्सी ऐसी कहानी है, जो एक तरफ इमोशनल पहलू को छूती है और दूसरी तरफ लोगों के दिल को। फिल्म को बहुत अच्छे तरीके से दिखाया गया है, जो कई सवालों के जवाब देती है। वहीं कुकिंग शो मास्टर शेफ के जज रणवीर बरार ने भी फिल्म की खुलकर तारीफ की और कहा कि विजुअली फिल्म को बहुत मजबूत तरीके से बनाया गया है, जो आपको सोचने पर मजबूर करती है। सिनेमाघरों में रिलीज के साथ ही 'अस्सी' को अच्छा रिस्पांस मिला था। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 1 करोड़ की कमाई की थी, जबकि दूसरे और तीसरे दिन 3.20 करोड़ रुपए की कमाई की। पहले हफ्ते फिल्म 4.20 करोड़ का कलेक्शन करने में कामयाब रही है। हालांकि, सोमवार से फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखी गई। अब तक फिल्म 6.30 करोड़ का कलेक्शन करने में कामयाब रही। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का बजट 30 करोड़ है। बजट के हिसाब से फिल्म अभी तक एक चौथाई भी कमाने में कामयाब नहीं रही है, फिर भी लोग फिल्म की तारीफ से खुद को रोक नहीं पा रहे। माना जा रहा है कि फिल्म के फ्लॉप होने का कारण फिल्म का ठीक तरीके से प्रचार नहीं करना है। फिल्म व्यापार विशेषज्ञ की मानें तो अस्सी में स्टार पावर की कमी है और फिल्म का प्रमोशन भी सही तरीके से नहीं किया गया।

स्पिरिट का हाई वोल्टेज पोस्टर रिलीज

## साथ दिखे विवेक ओबेरॉय-ऐश्वर्या




साल 2027 की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर फैंस की बेसब्री चरम पर है. हाल ही में मेकर्स ने विवेक ओबेरॉय का दमदार फर्स्ट लुक जारी कर एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. प्रभास स्टारर इस पैन-वर्ल्ड एंटरटेनर में ऐश्वर्या देसाई भी अहम भूमिका में नजर आएंगी. साल 2026-2027 सिनेमाप्रेमियों के लिए काफी खास है, क्योंकि ये साल कई जबरदस्त फिल्में लेकर आ रहा है. इन्हीं फिल्मों में एक नाम 'स्पिरिट' का भी है, जिसको लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ी हुई है. हालांकि, पहले से ही लोगों की बेसब्री फिल्म को लेकर चरम पर है और अब मेकर्स ने फैंस की धड़कनें और तेज कर दी हैं. हाल ही में इस मेगा प्रोजेक्ट से विवेक ओबेरॉय का दमदार फर्स्ट लुक जारी किया गया है, जिसने फिल्म की दुनिया को और भी रहस्यमयी और हाई-वोल्टेज बना दिया है. पहली झलक में विवेक ओबेरॉय बेहद इंटेंस अंदाज में नजर आ रहे हैं. 'स्पिरिट' पहले ही साल 2027 की सबसे मोस्ट अवेटेड फिल्मों में गिनी जा रही है. ऐसे में विवेक ओबेरॉय की एंट्री ने इस प्रोजेक्ट को और मजबूत बना दिया है. अपने करियर में कई दमदार और विविध भूमिकाएं निभा चुके विवेक इस फिल्म में एक ऐसे किरदार में दिखेंगे, जो कहानी की परतों को और गहराई देगा. उनका स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म के हाई-स्टेक्स यूनिवर्स में नई एनर्जी और टकराव लेकर आने वाला है. 'स्पिरिट' 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## भूतों के बीच अक्षय की मस्ती

'भूत बंगला' का नया गाना 'राम जी आके भला करेंगे' रिलीज



**अक्षय** कुमार की आगामी कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी जोश को बनाए रखने के लिए मेकर्स ने गुरुवार को नया गाना 'राम जी आके भला करेंगे' जारी कर दिया है। जोश से भरपूर गाने में अक्षय कुमार मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। पागलपन, पुरानी यादों और उनकी खास कॉमिक स्टाइल से भरा यह गाना फिल्म की मजेदार दुनिया की एक शानदार झलक दिखाता है। 'राम जी आके भला करेंगे' एक मजेदार और हंसी से भरपूर ट्रैक है। इसके तेज बीट्स और मजेदार वीडियो दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। वे गाने की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

साथ ही फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। गाने में अक्षय कुमार अपने पुराने वाले क्लासिक स्टाइल में नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे भूतों की दुनिया में घूमते दिख रहे हैं। वे अजीब-अजीब भूतों से मजेदार अंदाज में टकराते दिख रहे हैं। उनकी परफॉर्मेंस में डरावनी हरकतें और हंसी-मजाक का शानदार मिश्रण है। यह गाना प्रीतम ने कंपोज किया है। लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं। इसे अरमान मलिक और आरवन (देव अरिजीत) ने गाया है। इसमें मेलोडी का एक रैप पार्ट भी है, जो उन्होंने खुद लिखा और परफॉर्म किया। यह रैप गाने में आज के दौर का तड़का लगाता है और बीट्स को और भी धमाकेदार बनाता है। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन 16 साल बाद साथ में आए हैं। 'भूत-बंगला' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म से फैंस को काफी उम्मीदें हैं क्योंकि इससे पहले अक्षय की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' बॉक्स ऑफिस पर औसत रही थी। बिना सुपरहिट फिल्म दिए अभिनेता को एक लंबा समय गुजर चुका है और ऐसे में 'भूत-बंगला' कुछ बड़ा कर सकती है।




## तेरे नाम री-रिलीज: सलमान खान नहीं थे मेकर्स की पहली पसंद, मेंटल स्टेटस की वजह से की फिल्म के लिए 'हां'

2003 में रिलीज हुई फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान का 'राधे' वाला किरदार आज भी लोगों को याद है। उस समय उनका हेयरस्टाइल, डायलॉग डिलीवरी और इमोशनल इंटेंसिटी उस दौर में जबरदस्त ट्रेंड बन गई थी।

कल्ट क्लासिक फिल्मों में शुमार 'तेरे नाम' पर्दे पर दोबारा रिलीज की गई। 2003 में 'तेरे नाम' रिलीज होने के बाद यंगस्टर बीच की मांग निकालकर अभिनेता की तरह दिखने की कोशिश करने लगे और इसके साथ ही अभिनेता का ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस का स्टाइल भी युवाओं की पहली पसंद बना, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेता फिल्म में राधे के किरदार के लिए पहली पसंद नहीं थे और उनके लिए राधे का किरदार निभाना बहुत मुश्किल था। 'तेरे नाम' की कहानी ऐसे युवा की है, जिसे एक सीधी-साधी लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन हिस्से में प्यार नहीं, सिर्फ सजा आती है। फिल्म का क्लाइमेक्स भी डिप्रेस कर देने वाला है। इस फिल्म के लिए सबसे पहले आमिर खान को ऑफर हुआ था। हालांकि आमिर खान ने फिल्म करने से इनकार नहीं किया था, लेकिन किरदार के लिए खुद को तैयार करने के लिए 2 साल का लंबा समय मांगा था। म

`कर्स के पास इतना समय नहीं था कि वे एक किरदार को फाइनल करने के लिए 2 साल का समय लें, जिसके बाद फिल्म अनिल कपूर के पास गई, लेकिन उन्होंने फिल्म की कहानी सुनने के बाद मना कर दिया। अब मेकर्स परेशान कि कौन सा हीरो फिल्म के लिए लाया जाए। 'तेरे नाम' के बेहतरीन गाने लिखने वाले गीतकार समीर अनजान ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि सलमान खान ने फिल्म की कहानी सुनते ही हां कर दी थी, क्योंकि वे खुद जिंदगी के उस बुरे दौर से गुजर रहे थे। साल 2002 में अभिनेता ऐश्वर्या राय से ब्रेकअप हुआ था और उस वक्त उनका व्यवहार में काफी परिवर्तन भी देखा गया था। समीर ने बताया कि फिल्म का गाना 'क्यों किसी को वफा के बदले वफा नहीं मिलती' सुनकर अभिनेता बहुत रोए थे.

## क्यों शादी से डरती हैं डेजी शाह?

*करवाए अपने एग्स फ्रीज, कहा- परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं*



**डेजी** शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

**आजकल शादी डरावनी लगती है**

फिल्मीग्यान को दिए एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।'

**क्या चुनेंगी डेजी...प्यार या पैसा?:** इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो।

**परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं:** मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया, ताकि वे जब भी चाहें, बच्चे कर सकें।

# रक्सौल में सूखा नशा के खिलाफ शुरू हुआ विशेष अभियान

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल में सूखा नशा के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया। रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में औचक निरीक्षण करते हुए कई दुकानों में सघन तलाशी ली गई।अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप की स्थिति बन गई। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने संयुक्त रूप से किया। उनके साथ पुलिस बल की टीम ने कौड़िहार चौक समेत शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान पान दुकानों, जनरल स्टोर्स और अन्य संदिग्ध प्रतिष्ठानों की बारीकी से जांच की गई। दुकानों में रखे सामानों का निरीक्षण कर



संदिग्ध वस्तुओं के संबंध में दुकानदारों से पूछताछ की गई। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कहीं भी सूखा नशा या प्रतिबंधित सामग्री की बिक्री पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नियमित रूप से ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने कहा कि सूखा नशा युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए बड़ा खतरा है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते कहा कि कही भी नशे की बिक्री या सेवन की सूचना मिले तो तत्काल प्रशासन को जानकारी दें। छापेमारी अभियान में रक्सौल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। पुलिस की मौजूदगी से कुछ समय के लिए बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से संदिग्ध सामग्री हटाने का आश्वासन भी दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। आम लोगों ने पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि ऐसे नियमित अभियानों से शहर और सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

# कन्या आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का हुआ आयोजन

लोक मंत्र संवाददाता

**बेगूसराय।** अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय बेगूसराय में नए सत्र में कक्षा 6 से 9 तक में नामांकन हेतु 01 राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिले के 2 केंद्रों पर किया गया। पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय के लिए अयोध्या+2 विद्यालय ज्ञान भारती, बेगूसराय तथा श्री सीताराम राय +2 विद्यालय, रजौड़ा में आयोजित की गयी। परीक्षा में



अभ्यर्थियों की उपस्थिति 92 प्रतिशत रही। केंद्र पर जिला प्रशासन की ओर से दंडाधिकारियों तथा पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पेयजल की व्यवस्था तथा आपातकालीन चिकित्सा आवश्यकता हेतु मेडिकल टीम की भी तैनाती की गई थी। इससे संबंधित जानकारी देते अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कुल 100 अंकों की ली गई। परीक्षाफल का प्रकाशन 13 मार्च को विभागीय वेबसाइट पर किया जाएगा। उसके पश्चात नामांकन की प्रक्रिया होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सिकरौल थाना अंतर्गत 142 पेटी अंग्रेजी शराब व तीन हथियार बरामद

**बक्सर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के निहालपुर पोखरा किनारे स्थित एक झोपड़ी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और हथियार बरामद किए।

थानाध्यक्ष अंकुश कुमार मंडल के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान 142 पेटी यानी कुल 1311 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक दोनाली कट्टा, एक देसी कट्टा, एक 315 बोर रायफल तथा सात जिंदा कारतूस भी बरामद किए।

पुलिस के पहुंचते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने उनकी पहचान कर ली है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। डुमरांव एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब और हथियार तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### एमजीसीयू के केंद्रीय पुस्तकालय में आरएफआईडी प्रणाली का लोकार्पण

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने तथा पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुस्तकालय में अत्याधुनिक रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) प्रणाली का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यह पहल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ एवं तकनीक-संपन्न बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। उद्घाटन के अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि RFID तकनीक का कार्यान्वयन केंद्रीय पुस्तकालय को ह्यस्मार्ट लाइब्रेरी में रूपांतरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली पुस्तकालय संचालन को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाएगी, जिससे शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में कम समय व्यतीत कर अध्ययन एवं शोध पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 75 साल के हुए

## पीएम मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई

**कार्यकर्ताओं ने कहा-निशांत को राजनीति में लायें**

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 75 वर्ष के हो गए। उनके जन्मदिन पर रविवार को राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में जश्न का माहौल रहा। मुख्यमंत्री आवास पर गुलदस्ते और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जदयू के प्रदेश कार्यालय में केक काटकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा ने 75 पाउंड का केक काटा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने जगत के नीतीश कुणमार को जन्मदिन की बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर बिहार के मुख्यमंत्री और एनडीए के प्रमुख सहयोगी दल जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार के नेतृत्व और बिहार के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की



हैट्रिक। उन्होंने लिखा कि ह्लबिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। वह पिछले कई वर्षों से बिहार की प्रगति के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे लिखा कि उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और विकास योजनाओं ने अनगिनत लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। जबकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने लिखा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की प्रार्थना करता हूं। वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके आवास पर जाकर बधाई दी। साथ ही एक्स पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा, ह्यबिहार के विकास पुरुष, सुशासन बाबू, जन-जन के प्रिय नेता, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से उनके जन्मदिवस के अवसर पर मिलकर हार्दिक बधाई और असंख्य शुभकामनाएं दीं। प्रभु से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करें। इसके साथ ही राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, ललन सिंह, जीतन राम मांझी समेत कई राजनीतिक नेताओं ने बधाई दी। मंत्री अशोक चौधरी ने तो आज के दिन ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी कराया, जहां कई लोग ब्लड डोनेट करने पहुंचे।राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और विधान सभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वस्थ्य रहें । हम उनको जन्मदिन की मुबारकबाद देते हैं।

पटना में जदयू कार्यालय के बाहर जश्न का माहौल रहा। जदयू के कार्यकताओं ने कार्यालय के बाहर केक भी काटा। कार्यकर्ताओ ंने कहा कि आज जरूरतमंदों के बीच 1500 लीटर दूध और फल भी बांटे गए। इसके साथ ही नौलखा मंदिर में मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हवन -पूजन भी हुआ। जदयू के कार्यकताओं ने आज के दिन को 'विकास दिवस' के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा निशांत को राजनीति में लायें। पटना की सड़कों को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया गया था।

## जल्द एआई हब के रूप में विकसित होगा भागलपुर : रोहित पांडेय

एजेंसी

**भागलपुर।** होली के बाद मई-जून में उद्योगपतियों के साथ भागलपुर में एक बड़े इंडस्ट्रियल और एआई सम्मिट की संभावना जताई जा रही है। यह जानकारी भागलपुर के भाजपा विधायक रोहित पांडेय ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई सम्मिट के बाद अब भागलपुर को भी एआई हब के रूप में विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाएंगे। विधायक रोहित पांडेय ने बताया कि भागलपुर पहले से ही शैक्षणिक और औद्योगिक दृष्टि से मजबूत आधार रखता है। यहां ट्रिपल आईटी, इंजीनियरिंग कॉलेज और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जैसी संस्थाएं मौजूद हैं, जो तकनीकी और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें तो भागलपुर को पूर्वी भारत का एक प्रमुख टेक्नोलॉजी और एआई केंद्र बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहे भागलपुर में आधारभूत संरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

## संगठन सृजन अभियान के तहत फारबिसगंज में कांग्रेस ने की बैठक

एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज के बंगाली टोला स्थित पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा के आवासीय परिसर में रविवार को संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू की अध्यक्षता में हुई।बैठक में ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के सदस्य और हरियाणा के मऊ विधायक आफताब अहमद पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे। मौके पर संगठन की मजबूती



और सदस्यता अभियान के साथ संगठन से नए युवाओं को जोड़ने को लेकर मंथन किया गया। कांग्रेस की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाने और केन्द्र और बिहार सरकार की नाकामियों को जनता को अवगत कराने को लेकर चलाए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर आफताब अहमद ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस की मजबूती के लिए चलाया गया अभियान है।

## 57 करोड़ के बिजली बिल बकाया पर सात हजार से अधिक उपभोक्ताओं का कनेक्शन कटा

एजेंसी

**अररिया।** बिहार सरकार के बिजली बिल पर रियायत के बावजूद जिले में बिजली बकायेदारों द्वारा बकाया का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसको लेकर बिजली विभाग ने अब सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है।लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ विभाग सर्टिफिकेट केस कर रहा है तो छोटे बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। 146 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं पर



सर्टिफिकेट केस किया गया है तो 27 उपभोक्ताओं को लीगल नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले में 20,950 ऐसे उपभोक्ता हैं जिन पर 20 हजार रुपए से अधिक बकाया है।बड़े डिफॉल्टरों पर विभाग का कुल 57 करोड़ 21 लाख रुपये बकाया है। अररिया अवर प्रमंडल में 14,799 उपभोक्ताओं पर 40 करोड़ 20 लाख रुपए और फारबिसगंज अवर प्रमंडल में 6,151 उपभोक्ताओं पर 17 करोड़ 01 लाख रुपए बकाया है। हालांकि जनवरी और फरवरी में करीब 3 करोड़ 79 लाख रुपए की वसूली की गई है, फिर भी बकाया राशि 57 करोड़ से अधिक बनी हुई है। अररिया प्रमंडल में 4655 कनेक्शन कटे।विशेष अभियान में फरवरी माह में ही जिले भर में 7,232 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। अररिया प्रमंडल में 4,655 कनेक्शन काटे गए, जबकि 138 लोगों पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज हुई। वहीं फारबिसगंज प्रमंडल में 2,577 कनेक्शन काटे गए और 74 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई। कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने बताया कि दो हजार से अधिक की बकाया रहने पर बिजली काटी जा रही है।इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना है। बकायेदारों को पहले नोटिस दिया जाता है, उसके बाद कनेक्शन काटा जाता है। इसके बावजूद भुगतान नहीं करने पर लीगल नोटिस और फिर सर्टिफिकेट केस की कार्वाई की जाती है।

### नाले किनारे नवजात का शव मिलने से सनसनी



**सुपौल।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक नवजात शिशु का शव नाले के किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने करीब साढ़े आठ बजे राघोपुर डाक-बंगला के समीप शव देखा, जिसके बाद आसपास भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चे को लाल चादर में लपेटकर अस्पतालों में उपयोग होने वाले प्लास्टिक सर्जिकल बेड के साथ फेंका गया था। ग्रामीणों ने जब नजदीक जाकर देखा तो नवजात के हाथ में मेडिकल इंट्राकैथ लगा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बच्चे का जन्म किसी अस्पताल या चिकित्सकीय देखरेख में हुआ होगा। मृत शिशु लड़का बताया जा रहा है तथा उसकी नाक से खून बहने की बात भी सामने आई है। घटना की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों में चर्चा का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मानवता के नाते ग्रामीणों ने नवजात के शव को सम्मानपूर्वक मिट्टी में दफना दिया। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### लगातार तीसरी बार निर्विरोध जदयू जिलाध्यक्ष बने राजेंद्र प्रसाद यादव



**सुपौल।** जिला मुख्यालय स्थित शहनाई रिजॉर्ट में रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के जिलाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से राजेंद्र प्रसाद यादव को लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन पदाधिकारी हारून रशीद ने घोषणा करते हुए बताया कि सभी जदयू पदाधिकारियों और कार्यकताओं की सहमति से राजेंद्र प्रसाद यादव को पुनः जिला अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता और मजबूती का यह परिणाम है कि चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुने जाने के बाद श्री यादव का पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सांसद दिलेश्वर कामेत, अमर कुमार चौधरी, जगदीश यादव, प्रमोद मंडल, हरेकांत झा, पूर्व विधायक लखन ठाकुर, प्रियंका यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने सभी नेताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रहेगा। मौके पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यकताओं ने अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

### संस्कृत उच्च विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित



**तिलरथ/बेगुसराय।** श्री हरिगंगा तंत्रलता संस्कृत उच्च विद्यालय, सिमरिया-दो, बरौनी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वम्भर सिंह और संचालन संजीव फिरोज ने किया। विद्यालय परिवार के द्वारा अवकाशोपरान्त शिक्षिका कुमारी निवेदिता को चादर, कलम, डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया। शिक्षिका कुमारी निवेदिता को सिमरिया-2 की मुखिया अमृता कुमारी, मध्य विद्यालय रुपनगर की शिक्षिका किरण कुमारी और प्राथमिक विद्यालय, सिमरिया बिंदटोली के प्रधान शिक्षक रणधीर कुमार ने भी चादर से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय काफी उतार चढ़ाव से गुजरा है। विद्यालय के पठन-पाठन में शिक्षिका कुमारी निवेदिता का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। इस समारोह में सिमरिया दो के मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार सन्नी, राजनीतिक कार्यकर्ता अशोक पासवान, शिक्षक सुधीर कुमार, सिमरिया दो के पूर्व उप सरपंच रुदल निषाद, प्रेरणा कुमारी आदि ने अपना विचार व्यक्त की। मौके पर शिक्षिका सिंपी कुमारी,मोती कुमार, नूनूबाबू कुमार, सुनील कुमार सहित विद्यालय के बच्चे और ग्रामीण उपस्थित थे।

## एमजीसीयू में शिक्षा समागम का आयोजन

# शिक्षा, उधोग और भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से गांधी ऑडिटोरियम में एजुकेशन कॉन्क्लेव के तहत इंडियाज ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशनल रिवोल्यूशन का भव्य आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय आयोजन में शिक्षा जगत के दिग्गजों, कुलपतियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा संस्थानों की चुनौतियों, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुआ। कुलपति प्रो. संजय




श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम बने। उन्होंने विश्वविद्यालयों को नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने पर बल दिया। मुख्य अतिथि पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों के सशक्तिकरण की आवश्यकता जताई। पहले तकनीकी सत्र बिहार एचईआईज इन स्पॉटलाइट में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रो. रंजीत वर्मा ने की।

बिहार विवि के कुलपति प्रो डीसी राय, ललित नारायण मिथिला विवि के कुलपति प्रो संजय चौधरी, मगध विवि के कुलपति प्रो एसपी शाही समेत अन्य शिक्षाविदों ने राज्य में शोध संस्कृति को मजबूत करने, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर जोर दिया। पैनल में यह बात उभरकर आई कि बिहार के विश्वविद्यालय संसाधनों की सीमाओं के बावजूद अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने नैक मूल्यांकन, फैकल्टी डेवलपमेंट और स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम पर सवाल रखे।

## उग्रवाद प्रभावित दनिया जंगल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 750 लीटर शराब जब्त

लोक मंत्र संवाददाता

**नवादा।** उग्रवाद प्रभावित कौआकोल के जंगल मे पुलिस को रविवार को होली से पूर्व एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने नवादा के कौआकोल थानेक्षेत्र के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले उग्रवाद प्रभावित दनियाँ के घने जंगल में छापेमारी कर 15 गैलन में 750 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस को चकमा देकर शराब धंधेबाज बाइक छोड़कर फरार हो गया।

थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इन दिनों शराब कारोबार एवं



इसके धन्धेबाजों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को उनके नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार एवं एएसआई रिंकू कुमार के साथ कौआकोल पुलिस के सहयोग से दनियाँ जंगल में व्यापक तौर पर छापेमारी अभियान चलाया गया, जहां गुप्त स्थान पर रखे गए 15 गैलन में 750 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। एवं एक बाइक भी जब्त किया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब धन्धेबाज की पहचान कर ली गई है। शराब एवं बाइक बरामदगी की प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# गोकुल में छड़ीमार होली : गोपियों ने पुलिस ही नहीं विदेशी सैलानियों पर भी बरसाईं छड़ियां

## दुल्हन की तरह सजी महिलाएं, श्रीकृष्ण-बलराम के बाल रूप पर खेला रंग

एजेंसी



**मथुरा।** ब्रज के गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली की धूम रही, जिसमें महिलाएं दुल्हन की तरह सज-संवरकर भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप पर रंग और छड़ियों की वर्षा करती दिखाई दीं। इस बार गोपियों ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि बड़ी संख्या में आए विदेशी सैलानियों और पुलिसकर्मियों को भी दनादन छड़ियों की झड़ी से नवाजा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बलदेव विधानसभा के बीजेपी विधायक पूरन प्रकाश ने इस मौके पर राधा-कृष्ण बने कलाकारों के साथ मंच पर डांस कर कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले दोपहर 12:30 बजे नंदभवन से भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला, जिसमें कन्हैया और बलराम के बाल रूप सवार थे। लोग डोले के आगे-पीछे रंग-गुलाल उड़ाते हुए मस्ती में चलते दिखाई दिए। रास्ते में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया, फूल, रंग और अबीर से डोले को सजाया गया। चौराहों पर बड़े स्टेज तैयार किए गए, जिन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करती रहीं। गलियों में होली के गीत और जय राधे, जय कृष्णा के भजन गूंजते रहे।

**छड़ीमार होली की परंपरा :** गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहीं बाल लीलाएं की थीं। इस खेल में उपयोग की जाने वाली छड़ियों पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है, जिससे चोट नहीं लगती। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली की तरह गोकुल की इस परंपरा में भी महिलाएं प्रमुख भूमिका निभाती हैं। इस बार की होली में नंदगांव और बरसाना के आयोजनों की याद भी ताजा हो गई थी, जहां राधारानी की सखियों और श्रीकृष्ण के सखाओं के बीच रंगीन छड़ीमार का खेल हुआ। गोकुल में छड़ीमार होली देखने आए लोगों ने इसे अत्यंत रोचक और जीवंत उत्सव बताया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन उत्सव की अद्भुत झलक ने इसे और भी यादगार बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई : 11 राज्यों में छापेमारी कर 27 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम जिला साइबर सेल ने डिजिटल ठगी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी देशव्यापी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक सप्ताह तक चले विशेष अभियान के तहत देश के 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की, जिसमें कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है, जिनमें मासूम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई थी। जांच में सामने आया है कि इन मामलों में सीधे तौर पर 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई है। हालांकि, जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल की, तो उसमें करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला। पुलिस को अंदेशा है कि यह राशि देश के अलग-अलग हिस्सों में की गई अन्य साइबर ठगी से जुड़ी हो सकती है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने इस सफलता की जानकारी साझा करते हुए बताया कि साइबर सेल की टीम लंबे समय से ठगी की शिकायतों पर तकनीकी जांच कर रही थी। डेटा विश्लेषण और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एक साथ दबिश देकर इन जालसाजों को दबोचा गया। पकड़े गए आरोपियों का जाल काफी फैला हुआ था। ये लोग मुख्य रूप से निवेश के नाम पर झांसा देने, मोबाइल में खतरनाक एपीके फाइल इंस्टॉल करवाकर डेटा चोरी करने, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए फर्जी स्कीम चलाने और क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से अपराध में इस्तेमाल होने वाली भारी सामग्री भी बरामद की है। बरामद सामान में 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड (डेबिट/क्रेडिट), एक पीओएस मशीन, एक बाइक और भारी मात्रा में बैंक दस्तावेज व चेकबुक किट शामिल हैं। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य नामों और ठगी गई रकम की बरामदगी की जा सके।

### नेतन्याहू के देश छोड़ने की खबरों से मचा हड़कंप विमान की बर्लिन में लैंडिंग ने बढ़ाया रहस्य

**तेलअवीव।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि और उसके बाद उपजे युद्ध के हालातों के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर सोशल मीडिया पर दावों का बाजार गर्म है। शनिवार को जैसे ही इजरायल और अमेरिका ने तेहरान पर भीषण हमले शुरू किए, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर यह खबर तेजी से फैल गई कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू सुरक्षा कारणों से देश छोड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। अपुष्ट दावों में कहा गया कि वे ग्रीस भाग गए हैं, जबकि कुछ रिपोर्ट्स में उनके विमान के इजरायली तट पर घंटों चक्कर काटने की बात कही गई है। इन तमाम अटकलों के बीच विमानन डेटा ने एक नई और रहस्यमयी कहानी पेश की है। इजरायली प्रधानमंत्री के आधिकारिक विमान विंग ऑफ सियोन, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर है, उसे फ्लाइट रडार पर ट्रैक किया गया। डेटा के अनुसार, यह बोइंग विमान बीरशेबा के नेवाततियिम एयरबेस से दोपहर 12:10 बजे रवाना हुआ। लगभग चार घंटे तक इजरायली समुद्र तट के ऊपर मंडराने के बाद, विमान ने अपना रुख बदला और 28 फरवरी की रात को जर्मनी की राजधानी बर्लिन में लैंड हुआ। हैरानी की बात यह है कि बर्लिन में प्रधानमंत्री की कोई पूर्व निर्धारित बैठक या आधिकारिक यात्रा तय नहीं थी, जिससे संशय और गहरा गया है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दावा किया कि शुरूआत में विमान ने ग्रीस में उतरने की कोशिश की थी, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण उसे जर्मनी ले जाया गया। हालांकि, स्वतंत्र पत्रकारों और फैक्ट-चेकर्स ने इन खबरों को फिलहाल निराधार बताया है।

# होली : इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन की ओर यूपी धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी

**सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत आज भी उसी जीवंतता के साथ आगे बढ़ रही**

एजेंसी



**लखनऊ।** इस बार योगी सरकार उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन बनाने और धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार होली को फाल्गुनी उत्सव की मूल भावना से जोड़ते हुए ग्लोबल पिलग्रिम फेस्टिवल के रूप में प्रस्तुत करने जा रही है। इससे ऋतु, धर्म, संस्कृति और पर्यटन एकसूत्र में पिरोए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को आज भी उसी जीवंतता से आगे बढ़ा रही है। फाल्गुन का महीना जैसे ही दस्तक देता है, उत्तर भारत की हवाओं में एक अलग ही मादकता घुल जाती है। आम्र-मंजरियों की सुगंध, कोयल की कू, ढोल-मंजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज यह संकेत देती है कि रंगों का महापर्व आ गया है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की मानें तो होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है। इसका मूल अर्थ है असत्य पर सत्य की जीत, अहंकार पर भक्ति की विजय और विभाजन पर मिलन का उत्सव। इसी अर्थ को आधार बनाकर इस बार धार्मिक स्थलों की होली को वैश्विक पर्यटन से जोड़ने की योजना है। इसका उद्देश्य होली के आध्यात्मिक संदेश को विश्व मंच तक पहुंचाना और इसे फेस्टिवल ऑफ हार्मनी के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार लक्ष्य केवल पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि ग्लोबल फेथ एंड कल्चर फेस्टिवल की अवधारणा के साथ होली को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। सरकार, पर्यटन उद्योग, सांस्कृतिक संस्थाएं और स्थानीय प्रशासन मिलकर ऐसा मॉडल तैयार किए हैं, जो भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचा सके।

**सनातन परंपरा का प्रतीक होलिका दहन :** वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार सियाराम पाण्डेय ने बताया कि होली का पहला अध्याय होलिका दहन से शुरू होता है, जो भक्त प्राद की कथा से जुड़ा है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन का संदेश है। अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है। गांव-गांव और शहर-शहर में जलती होलिका भारतीय संस्कृति की उस जड़ों से जुड़ी आस्था का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। ब्रज और काशी के धार्मिक स्थलों पर होलिका दहन को सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है, ताकि विदेशी पर्यटक इसके दार्शनिक अर्थ को समझ सकें।

**राधा-कृष्ण की लीलाओं से जन्मी रंग परंपरा :** मथुरा और वृंदावन में होली का अर्थ केवल रंग खेलना नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का उत्सव है। बांके बिहारी मंदिर की फूलों की होली इस भाव को जीवंत करती है, जहां रंग नहीं, भावनाएं बरसती हैं। बरसाना की लट्ठमार होली भी प्रतीकात्मक है। यह नारी-पुरुष के मधुर संवाद और सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत रूप है। इस बार इन आयोजनों को इस तरह प्रस्तुत करने की योजना है कि विश्वभर से आने वाले पर्यटक केवल दृश्य नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपे सांस्कृतिक अर्थ को भी समझ सकें। वाराणसी में होली का अर्थ है जीवन की क्षणभंगुरता के बीच आनंद की स्वीकृति। काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाटों पर फाग गीतों के साथ मनाई जाने वाली होली यह संदेश देती है कि जीवन रंगों की तरह विविध है और हर रंग का अपना महत्व है।

# यूएस वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन, फायरिंग में 12 लोगों की मौत

**करांची में खामेनेई की मौत के विरोध में भड़की हिंसा**

**आंसू गैस और गोलीबारी के बाद हालात तनावपूर्ण**

एजेंसी



**कराची।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद पाकिस्तान के करांची में उग्र प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। एमटी खान रोड पर स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जुटी भीड़ ने आगजनी और तोड़फोड़ की। हालात बेकाबू होने पर सुरक्षा बलों की फायरिंग में कम से कम 12 लोगों के मारे जाने और 30 से अधिक के घायल होने की खबर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी दूतावास की ओर मार्च करते हुए पहुंचे और बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। भीड़ ने सुरक्षा बलों पर पथराव किया और परिसर में घुसने का प्रयास किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज किया गया, लेकिन तनाव बढ़ने पर गोलीबारी की गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, घटनास्थल के पास कई शव मिले, जबकि घायलों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। करांची के सिविल अस्पताल में तैनात पुलिस सर्जन डॉ. सुमैया सैयद ने मीडिया को बताया कि छह शव अस्पताल लाए गए हैं। दो घायल पुलिसकर्मियों और दो प्रदर्शनकारियों को जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ को गोली लगने की पुष्टि हुई है, जबकि पुलिसकर्मी तेज और कुंद हथियारों से घायल बताए गए हैं।

सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार ने करांची के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक आजाद खान से तत्काल रिपोर्ट तलब की है। उनके कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**यातायात हुआ प्रभावित :** प्रदर्शन के चलते सुल्तानाबाद ट्रैफिक सेक्शन से माई कोलाची तक दोनों ओर यातायात बंद कर दिया गया। करांची ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है। शहर के कई हिस्सों में अतिरिक्त पुलिस और रेंजर्स बल तैनात कर दिए गए हैं।

### गिनिया ने सीमा विवाद के बीच सिएरा लियोन के 16 सैनिक और पुलिसकर्मियों को रिहा किया

**गिनिया।** पश्चिम अफ्रीका के देशों गिनिया और सिएरा लियोन के बीच पिछले कुछ दिनों से बढ़े सीमा विवाद के बीच, गिनियाई अधिकारियों ने गुरुवार को सिएरा लियोन के 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया। यह जानकारी सिएरा लियोन की सूचना मंत्री ने अपने आधिकारिक बयान में दी। ये अधिकारी उस समय गिरफ्तार किए गए थे जब सीमा क्षेत्र के कस्बे कालीयेरेह में वे सीमा चौकी और उसके रहने-वाले अस्थायी ढांचे की मरम्मत का काम कर रहे थे, जबकि गिनियाई सैनिकों ने आरोप लगाया कि वे बिना अनुमति गिनियाई क्षेत्र में घुस आए थे। सिएरा लियोन की सरकार ने कहा कि रिहाई कूटनीतिक प्रयासों और विदेश मंत्री आलहाजी टिमोथी कब्बा के नेतृत्व वाली टीम के कोंक्री की यात्रा के बाद संभव हुई है। दोनों देशों के बीच लगभग दो दशक पुराना यह सीमा विवाद सिएरा लियोन के 1991-2002 के गृह युद्ध से शुरू हुआ, जब गिनियाई सेना को पूर्वी सीमा की मदद के लिए बुलाया गया था, लेकिन युद्ध के बाद पूरी तरह वापस नहीं लौटाया गया था।

### बारामती विमान हादसे में 22 पेज की रिपोर्ट में हुए चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में जांच एजेंसी एएआईबी ने शनिवार को अपनी शुरूआती रिपोर्ट दी। 22 पेज की इस रिपोर्ट में अभी हादसे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन इसमें कुछ अहम मुद्दों पर सवाल उठाए गए हैं। एएआईबी का कहना है कि अभी अंतिम रिपोर्ट आने में वक्त लगेगा। यह वक्त कितना लगेगा, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि प्लेन रनवे नंबर-11 के 50 मीटर लेफ्ट साइड में गिरा। प्लेन रनवे के पाथ को छोड़ चुका था। इसकी जांच की जा रही है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ होगा। दूसरे बारामती एयरपोर्ट के पास अपना मेड डिपार्टमेंट भी नहीं है। इसके अलावा रनवे-11 की तरफ तो हवा की चाल बताने वाला सिस्टम भी नहीं लगा है। जो रनवे-29 की तरफ लगा है। एक्सपर्ट का कहना है कि हो सकता है कि वायरलट विडियो में जैसे प्लेन 90 डिग्री पर घूमता दिखाई दे रहा है। उससे पायलट प्लेन से अपना संतुलन खो बैठा हो और यह क्रैश हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वीएसआर वेंचर्स कंपनी के इस लीयरजेट 45 एयरक्राफ्ट के वीआईपी को लेकर लैंड करने के वक्त बारामती रनवे पर तीन हजार मीटर की विजिबिलिटी बताई गई थी, लेकिन असल में इस प्लेन को लैंड करने के लिए विजिबिलिटी की जरूरत पांच हजार मीटर थी। इसमें भी जो तीन हजार मीटर विजिबिलिटी बताई गई थी। वह भी पुणे मौसम विभाग की जांच में कम आई है, जिसमें पता लगा है कि असल में उस वक्त विजिबिलिटी दो हजार से 2500 मीटर थी। ऐसे में जानकारों का कहना है कि जब विजिबिलिटी कम थी तो वीआईपी समेत पांच लोगों के साथ लैंड कर रहे इस प्लेन को लैंड करने की इजाजत क्यों दी गई। रिपोर्ट में बारामती रनवे की खराब हालत को भी हाई लाइट किया गया है, जिसे सबसे पहले एनबीटी ने 29 जनवरी को खबर छापकर रनवे की सफेद पट्टियों के मिट जाने और रनवे की बजरी उखड़ जाने के बारे में बताया था। इससे खराब मौसम में पायलट को आसमान से रनवे देखने में परेशानी हो सकती थी। अब एएआईबी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि इस रनवे की अंतिम बार री-कारपेटिंग मार्च 2016 में हुई थी। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि यानी 10 साल से इस रनवे पर कोई काम नहीं किया गया, लेकिन इसके बावजूद इस रनवे पर लोगों की जान को जोखिम में डालकर लगातार वीआईपी मूवमेंट होते रहे।

### क्यूबा के तट पर गोलीबारी: फ्लोरिडा से चली नाव पर एक्शन और मौतें

**हवाना।** क्यूबा के तट के पास बुधवार को एक घरेलू विवाद की स्थिति में गोलीबारी हुई, जिसमें क्यूबा की सीमा रक्षा बलों ने एक फ्लोरिडा पंजीकृत तेज नाव को रोकने की कोशिश की। क्यूबा सरकार का कहना है कि नाव में सवार लोगों ने पहले गोलियां चलाईं, जिससे क्यूबाई अधिकारियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। रिपोर्टों के अनुसार, नाव में करीब 10 लोग सवार थे, और इस मुठभेड़ में समुद्र में 4 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए, जबकि क्यूबा के एक अधिकारी को भी चोट आई। क्यूबा सरकार का कहना है कि नाव में हथियार, मोलोतोव कॉकटेल और सैन्य प्रकार के उपकरण थे, और इसे 'शत्रुतापूर्ण घुसपैठइ की कोशिश बताया जा रहा है। वहीं संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीधे अपनी सरकार की भूमिका से इनकार किया है और अमेरिकी एजेंसियां इस घटना की स्वतंत्र जांच कर रही हैं।

### वेनेजुएला में रिहा नेता ने एकता की अपील की

**काराकास।** वेनेजुएला के नेता एनरिक मार्केज, जिन्हें 2024 के चुनाव परिणामों को चुनौती देने के बाद जेल भेजा गया था, रिहा होने के बाद देश में एकता की अपील की है। उन्होंने कहा कि अब समय है कि सरकार और विपक्ष मिलकर देश के भविष्य पर काम करें। मार्केज को जनवरी 2025 में आतंकवाद और देशद्रोह जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि हिरासत के दौरान उन्हें कई महीनों तक परिवार से मिलने नहीं दिया गया। हाल ही में आम माफी कानून के तहत उन्हें रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि देश लंबे समय से राजनीतिक टकराव में फंसा है और अब आगे देखने की जरूरत है। उन्होंने खुद को एक जोड? वाली ताकत बताया, जो देश के पुनर्निर्माण में भूमिका निभाना चाहती है।

### यूएन महासचिव बोले- अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा, बड़ी चेतावनी भी दी

**न्यूयार्क, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक राजनीति को हिला कर रख दिया है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के सैन्य और नेतृत्व केंद्रों पर हमलों के बाद क्षेत्र में सुरक्षा खतरे बढ़ गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रमुख युद्ध अभियानों की घोषणा की, जबकि ईरान ने जवाबी हमलों से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ा दिया। ऐसे में बढ़ते संघर्ष को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस पूरे मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। गुटेरेस ने कहा कि हालात अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सैन्य कार्रवाई सबसे अस्थिर क्षेत्र में अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला को जन्म दे सकती है, जिसे कोई नियंत्रित नहीं कर सकता। गुटेरेस ने कहा कि हालात बहुत ही बदलते हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने ईरानी सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### बोलीविया में विमान हादसा, मृतकों की संख्या 22 पहुंची

**ला पाज , एजेंसी।** बोलीविया की राजधानी ला पाज के पास एक सैन्य मालवाहक विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। यह विमान 18 टन नई छपी मुद्रा लेकर जा रहा था। हादसे में 29 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें ज्यादातर आम यात्री थे, क्योंकि विमान सड़क के पास गिरा था। रक्षा मंत्री मार्सेलो सालिनास ने बताया कि हरक्यूलिस ष्ट- 130 विमान सांता क्रूज से नई करेंसी लेकर एल आल्टो एयरपोर्ट पर उतर रहा था। लैंडिंग के दौरान विमान रनवे से फिसलकर पास के खेत में जा गिरा और उसमें आग लग गई। हादसे में 15 से ज्यादा गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुईं। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सड़क पर नोट बिखरे हुए दिखे, जिन्हें लोग उठाने की कोशिश कर रहे थे। स्थिति को संभालने के लिए 500 से ज्यादा सैनिक और 100 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष डेविड एस्पिनोजा ने कहा कि ये नोट कभी प्रचलन में नहीं आए थे, इसलिए उनकी कोई कानूनी मान्यता नहीं थी। लूटपाट रोकने के लिए नकदी के बक्सों को अधिकारियों की मौजूदगी में जला दिया गया।

# काशी ने रचा नया वैश्विक कीर्तिमान, एक घंटे में रोपे 251446 पौधे

**रामनगर डोमरी के शहरी वन में गूंजा हर-हर महादेव**

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई काशी की ऐतिहासिक सफलता**

**वाराणसी बना दुनिया का सबसे बड़ा मियावाकी वन क्षेत्र**

एजेंसी



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा लिया है। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। मात्र एक घंटे की निर्धारित समयावधि के भीतर वाराणसी ने 2,51,446 पौधों का सफल रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को आधिकारिक रूप से ध्वस्त कर दिया है। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व हिमांशु पाल को नया कीर्तिमान स्थापित करने पर सर्टिफिकेट भी सौंपा। इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के अभूतपूर्व समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक शहरी वन ने आज विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा कर दिया है।

**चीन का 2018 का रिकॉर्ड अब बीती बात :** अब तक एक घंटे में सर्वाधिक पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी के नाम था। उन्होंने 10 मार्च 2018 को 153,981 पौधों का रोपण कर यह गौरव हासिल किया था। हालांकि, डोमरी में मियावाकी तकनीक और विशाल जनभागीदारी के माध्यम से जिस सुनियोजित ढंग से 250,000 पौधों का रोपण किया गया, उसने न केवल चीन के रिकॉर्ड को तोड़ा है, बल्कि उसे बहुत पीछे छोड़ दिया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की सूक्ष्मता से निगरानी की।

# पाकिस्तानी फाइटर जेट ने बगराम एयरबेस पर की बमबारी

**अफगान शहरों पर हमलों के बाद तालिबानी अधिकारियों ने इसे खुली जंग बताया**

एजेंसी



**काबुल।** पाकिस्तानी वायु सेना ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर हवाई हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तानी फाइटर जेट ने काबुल के बाहरी इलाके में स्थित बगराम एयरबेस पर बमबारी की है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि रविवार सुबह काबुल में जोरदार धमाकों के बाद गोलियों की आवाज सुनाई दी। तालिबान शासन ने कहा कि वह पाकिस्तानी फाइटर जेट पर फायरिंग कर रहा है। यह घटना ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमला जारी है। इस बीच अफगानिस्तान की तालिबान सेना और पाकिस्तान के बीच लड़ाई तेज हो गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में सरकारी ठिकानों पर हमले किए हैं। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है। हालांकि वह इन आरोपों से इनकार करता रहा है। अफगान शहरों पर हमलों के बाद तालिबान के अधिकारियों ने इसे खुली जंग बताया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने काबुल के साथ ही तालिबान नेतृत्व के गढ़ कंधार और कई दूसरी जगहों पर भी हमले किए। ये हमले इस्लामाबाद का अफगानिस्तान की सत्ता पर पहला सीधा हमला था। पाकिस्तानी हमलों के जवाब में तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की है।

# डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ सम्मान





एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया।

डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फॉर्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया।

महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूनार्मेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूनार्मेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दशार्ता है।

# हीली ने विदायी मैच में लगाया शतक भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

## 98 गेंदों पर 158 रन का बनाकर वह पेवेलियन लौटी

एजेंसी

**होबार्ट ।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने अपने करियर के अंतिम मैच में शतकीय पारी खेलकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के इस मैच में हीली ने 79 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं वहीं 98 गेंदों पर 158 रन का बनाकर वह पेवेलियन लौटी।अपनी पारी में हिली ने 27 चौके और दो छक्के लगाये। हीली के विदायी मैच में शतक को देखकर उनके पति मिचेल स्टार्क भी बेहद खुश नजर आये। हीली के शतक पूरा करते ही स्टार्क उत्साहित नजर आये।



### मूनी ने नाबाद शतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए। भारत के लिए श्री चरणी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। रेणुका सिंह, काशवी गौतम और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला। भारतीय विमेंस क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर हीली के गार्ड ऑफ ऑनर की फोटो पोस्ट की है। बीसीसीआई विमेंस ने लिखा, टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

### तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी

हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।



# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, पाकिस्तान बाहर

## इंग्लैंड ने ग्रुप-2 के टॉप पर फिनिश किया

| टीम | मैच | जीत | हार | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका (Q) | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.89 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.1 |
| जिम्बाब्वे (E) | 2 | 0 | 2 | 0 | -4.475 |

कोलंबो (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार रात को पाकिस्तान ने श्रीलंका पर 5 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन, टीम इस जीत के बावजूद सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। बेहतर नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ टॉप-4 में जगह बनाई। जबकि, पाकिस्तान ने सुपर-8 के ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रही। अपने तीनों सुपर-8 मैच जीतने वाला इंग्लैंड इस ग्रुप के टॉप पर रहा है। रविवार को शाम 7 बजे से भारत-वेस्टइंडीज में आखिरी सुपर-8 मैच खेला जाना है। इससे चौथी टीम तय होगी।

### वर्ल्डकप का समीकरण

**ग्रुप-1- एसए टॉप-4 में** - साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 चरण में लगातार दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे लगातार दो हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुका है। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत के बाद भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास सुपर-8 में एक-एक जीत और एक-एक हार है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच 1 मार्च को शाम 7 बजे कोलकाता में होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

**ग्रुप-2- इंग्लैंड पहले, न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा** - ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इंग्लैंड ने सुपर-8 चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब उसका मुकाबला ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। न्यूजीलैंड 3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। टीम ने सुपर-8 में एक मैच जीता, एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ और एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट 1.390 रहा। पाकिस्तान के भी तीन मैचों के बाद 3 अंक थे। टीम ने सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन उसका नेट रनरेट -0.123 रहा। इसी कारण बेहतर रनरेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप-1 की शीर्ष टीम साउथ अफ्रीका से 4 मार्च को कोलकाता में होगा।

# पीवी सिंधु ईरान के हमले के दौरान दुबई में फंसीं

## ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने बर्मिंघम जा रही थीं; टूर्नामेंट 3 मार्च से शुरू होगा

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ईरान के ड्रोन अटैक के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंस गईं। वे ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं। दुबई से सिंधु की कनेक्टिंग फ्लाइट थी।

30 साल की सिंधु ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट कर वहां के हालत बताए। उन्होंने दिखाया कि कैसे बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। उनमें डर का माहौल है। सिंधू ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं



**3 मार्च से शुरू होना है ऑल इंग्लैंड ओपन** - ऑल इंग्लैंड ओपन 3 मार्च से शुरू होना है। ऐसे में अगर देरी ज्यादा होती है, तो सिंधु की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। यह साफ नहीं है कि सिंधु कब दुबई से रवाना हो पाएंगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बर्मिंघम पहुंच सकेंगी भी या नहीं?

### मिसाइल हमलों के बाद एयरस्पेस बंद

दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ईरान पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र का एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। इसके चलते दुबई से निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को या तो रद्द कर दिया गया है या उन्हें डाइवर्ट किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उड़ानें दोबारा कब शुरू होंगी और सिंधु कब तक बर्मिंघम पहुंच पाएंगी?

# धोनी चेन्नई एयरपोर्ट पर दिखे



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19वें सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। टीम का प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप आज से चेन्नई में शुरू हो गया है। सीएसके को अपनी कप्तानी में 5 टाइटल जिताने वाले एमएस धोनी 28 फरवरी को चेन्नई एयरपोर्ट पर नजर आए। वे पहले दिन से ही टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू कर देंगे। सीएसके ने 1 मार्च को सुबह 7 बजे सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नई जर्सी भी रिवील की। नए सीजन में टीम का हिस्सा बने संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ट्रेनिंग कैंप जॉइन करेंगे। ऋतुराज गायकवाड ही इस सीजन भी टीम की कप्तानी करेंगे। छस्र्च ने 2023 में आखिरी टाइटल जीता था।

**लंबे बालों में दिखे माही** - सोशल मीडिया पर धोनी के चेन्नई पहुंचने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वे अपने सिग्नेचर लंबे बालों वाले विंटेज लुक में नजर आए। रांची के देवड़ी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद धोनी सीधे चेन्नई पहुंचे। 44 साल की उम्र में भी धोनी अपने फैंस और टीम के लिए आईपीएल खेलने के लिए तैयार हैं।

**15 भारतीय खिलाड़ी भी प्रैक्टिस कैंप में जुड़े** - सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन के मुताबिक, कैंप के शुरुआती फेज में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

### सीएसके को छठे टाइटल की तलाश

चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरी बार 2023 में गुजरात टाइटंस को फाइनल हराकर 5वीं आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। 2024 और 2025 में टीम प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच सकी। पिछले सीजन तो टीम 10वें नंबर पर रही। चेन्नई ने पिछले सीजन ही प्लेयर रिप्लेसमेंट के जरिए कई युवा प्लेयर्स को जोड़कर टीम को मजबूत बना लिया। ऑक्शन से पहले फिर रवींद्र जडेजा को रिलीज किया और संजू सैमसन को शामिल कर लिया। नीलामी में टीम ने फिर अनकैप्ड युवा प्लेयर्स पर दांव खेला। हर साल की तरह इस बार भी फैंस के मन में यही सवाल है कि क्या माही का यह आखिरी आईपीएल होगा? हालांकि, धोनी ने अभी तक संन्यास को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। छस्र्च ने भी धोनी को नए अनकैप्ड नियम से महज 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि धोनी शुरुआती मुकाबले खेलने के बाद संन्यास ले सकते हैं।

# सनथ जयसूर्या श्रीलंका का हेड कोच पद छोड़ेंगे

## टी-20 वर्ल्डकप में खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा; बोले- कोई और आगे आए

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका क्रिकेट के दिग्गज और हेड कोच सनथ जयसूर्या ने अपने पद से हटने का फैसला कर लिया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन और सुपर-8 में बगैर जीत से बाहर होने के बाद जयसूर्या ने बड़ा कदम उठाया। पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को आखिरी वर्ल्ड कप मैच में मिली 5 रन की करीबी हार के बाद जयसूर्या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे। जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वे अब इस जिम्मेदारी को आगे नहीं बढ़ाना चाहते।



**जून में खत्म होना था कॉन्ट्रैक्ट** - जयसूर्या ने बताया कि इस बारे में श्रीलंका क्रिकेट (एलएससी) को भी जानकारी नहीं दी। वे बोले, मेरा कॉन्ट्रैक्ट जून 2026 तक है, लेकिन मुझे लगता है कि अब यह जिम्मेदारी किसी और को सौंपने का सही समय आ गया है। मैंने दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मन बना लिया था कि मैं ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं रहूंगा।

**होम वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन रहा** - टी-20 वर्ल्ड कप में सह-मेजबान श्रीलंका से फैंस को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन टीम का ग्राफ लगातार गिरता गया। सुपर-8 राउंड में श्रीलंका को इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान से लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा। पल्लेकेले में पाकिस्तान के खिलाफ 213 रनों का पीछा करते हुए टीम जीत के करीब तो पहुंची, लेकिन लाइन क्रॉस नहीं कर सकी।

- **2024 में कमान संभाली थी** - जयसूर्या का बतौर कोच सफर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। 2024 वर्ल्ड कप के बाद जब उन्होंने कमान संभाली थी, तब टीम ने भारत के खिलाफ 27 साल बाद वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रचा था। न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से धोया और टीम रैंकिंग में भी सुधार किया। जयसूर्या ने बताया, जब मैं आया था, तब वनडे रैंकिंग में हम 9वें नंबर पर थे, मैंने टीम को नंबर-4 तक पहुंचाया। टेस्ट में भी हम छठे नंबर पर आए, लेकिन इस वर्ल्ड कप की नाकामी ने सब बदल दिया।
- **अब आगे क्या** - श्रीलंका बोर्ड अब किसी विदेशी कोच की तलाश में है। जयसूर्या 13 मार्च से शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली लिमिटेड ओवर सीरीज में टीम के साथ बने रह सकते हैं। हालांकि, जयसूर्या ने साफ कर दिया है कि अगर बोर्ड को कोई बेहतर कोच मिलता है, तो उन्हें जरूर मौका देना चाहिए।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से तीसरा टी-20 हराया

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे को 3-0 से टी-20 सीरीज हरा दी। रविवार को हैमिल्टन में पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे विमेंस 64 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने महज 5.4 ओवर में बगैर विकेट गंवाए टारगेट हासिल कर लिया। सेडन पार्क स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 10 रन बनाने में ही 7 विकेट गंवा दिए। 4 प्लेयर्स खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं 2 खिलाड़ी 1-1 रन बनाकर आउट हुईं। आदेल जिमुनु ने फिर औद्रे माज्विशाया के साथ मिलकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। जिमुनु 20 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद कप्तान नोमवेले सिबांदा भी 4 ही रन बना सकीं। माज्विशाया ने 37 गेंद पर 20 रन बनाए और अपनी टीम को ऑलआउट नहीं होने दिया। टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए गेंदबाजी में नेन्सी पटेल ने महज 8 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने 2 ओवर मेडन भी फेंकी। जेस कर ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए। अमीलिया कर और मैडी ग्रीन को 1-1 विकेट मिला।

# हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए टीम इंडिया घोषित

## गोलकीपर सविता पूनिया ने नाम वापस लिया, मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तानी करेंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने रविवार को विमेंस वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट में भारत की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे के हाथों में होगी। क्योंकि स्टार गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया निजी कारणों से इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। वे टूर्नामेंट से पहले लगे नेशनल कैंप का हिस्सा भी नहीं थीं, जिसके चलते उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। उनकी गैरमौजूदगी में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचू देवी खरीबाम के कंधों पर होगी।सविता पूनिया ने भारत के लिए 300 से ज्यादा इंटरनेशनल हॉकी मैच खेले। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के क्वालिफायर मुकाबले 8 से 14 मार्च के बीच हैदराबाद में खेले जाएंगे। इसमें कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है टूर्नामेंट में टॉप-3 टीमों को अगस्त 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले वर्ल्ड कप का टिकट मिलेगा।

## चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर फैसला टलने से टाटा ट्रस्ट के प्रस्ताव पर उठे सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन पद पर लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एन चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर फैसला टलने से समूह के भीतर शीर्ष स्तर पर मतभेद से जुड़ी अटकलें तेज हो गई हैं। टाटा संस के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में चंद्रशेखरन को एक और कार्यकाल देने के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट ने पिछले साल सर्वसम्मति से उन्हें तीसरा कार्यकाल देने की सिफारिश की थी। टाटा समूह से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह निर्णय स्थगित होने से टाटा ट्रस्ट के उस सर्वसम्मत प्रस्ताव की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की चेयरमैन पद पर दोबारा नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रखी थीं। बताया जाता है कि उन्होंने समूह की कुछ कंपनियों, विशेषकर एयर इंडिया में हो रहे घाटे पर चिंता जताई। एयर इंडिया का अधिग्रहण 2022 में किया गया था और कंपनी को पुनर्गठित करने की प्रक्रिया अभी तक जारी है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर और बैटरी विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में भारी पूंजीगत व्यय से जुड़े जोखिमों पर भी उन्होंने सवाल उठाए। सूत्रों ने यह भी कहा कि नियामकीय बाध्यता की वजह से टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने को लेकर भी निदेशक मंडल में आशंका जताई गई और इस संबंध में स्पष्ट आश्वासन मांगा गया। मामले से परिचित एक सूत्र ने कहा, टाटा ट्रस्ट का सर्वसम्मत प्रस्ताव स्पष्ट रूप से कायम है और उसे उचित समय पर लागू किया जाएगा। हालांकि, एक अन्य पर्यवेक्षक ने सवाल उठाया कि क्या ट्रस्ट के नामित निदेशक टाटा संस के निदेशक मंडल में सर्वसम्मति के निर्णय से अलग रुख अपना सकते हैं। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी है। टाटा संस 180 अरब डॉलर से अधिक मूल्य वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है, जिसका कारोबार वाहन, इस्पात, सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन और उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में फैला हुआ है। पिछले वर्ष टाटा ट्रस्ट के भीतर मतभेद का मामला केंद्र सरकार तक भी पहुंचा था। बाद में सरकार की तरफ से दोनों पक्षों को आपसी मतभेद सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की सलाह दी गई थी।

## फिनो पेमेंट्स बैंक के सीईओ गिरफ्तार शेयर बाजार में लिस्टेड है कंपनी

**नई दिल्ली।** फिनो पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि गुप्ता को गिरफ्तार कर लिए गए हैं। सीजीएसटी और एसजीएसटी अधिनियमों के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। अब सोमवार को बैंक के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। शेयर बाजार में लिस्टेड- फिनो पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि गुप्ता गिरफ्तार कर लिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सीजीएसटी और एसजीएसटी अधिनियमों के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के लिस्टिंग नियमों के विनियम 30 के तहत एक एक्सचेंज डिस्क्लोजर में बैंक ने स्पष्ट किया कि यह जांच एक व्यापारिक साझेदार से संबंधित है और इसका उसके अपने जीएसटी अनुपालन से कोई संबंध नहीं है। बैंक ने कहा कि वह स्थिति से निपटने और उससे उबरने के लिए सक्रिय रूप से उचित कदम उठा रहा है। बैंक ने आगे बताया कि मुख्य वित्तीय अधिकारी केतन मर्चेंट को संगठन का नेतृत्व करने और दैनिक कार्यों की देखरेख करने के लिए नियुक्त किया गया है। स्मॉल फाइनेंस बैंक की मंजूरी- हाल ही में फिनो पेमेंट्स बैंक को स्मॉल फाइनेंस बैंक के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। फिनो पेमेंट्स बैंक को स्मॉल फाइनेंस बैंक में परिवर्तित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई। फिनो पेमेंट्स बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 अवधि में इसके लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। दिशानिर्देशों के अनुसार, मौजूदा भुगतान बैंक जो निवासियों द्वारा नियंत्रित हैं और जिन्होंने पांच साल का परिचालन पूरा कर लिया है। वे स्मॉल फाइनेंस बैंक में रूपांतरण के लिए पात्र हैं। बता दें कि फिनो पेमेंट्स बैंक का संचालन 2017 में शुरू हुआ था। फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के शेयर की बात करें तो यह बिकवाली मोड में है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बैंक के शेयर की कीमत में7 .50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह शेयर शुक्रवार को 192 .45 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 209 रुपये से 182 .90 रुपये के बीच था। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 339 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का लो 180 .50 रुपये है। दिसंबर तिमाही में फिनो पेमेंट्स बैंक का नेट प्रॉफिट पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 प्रतिशत बढ़कर 22 .8 करोड़ से 23 .1 करोड़ हो गया। तिमाही आधार पर मुनाफे में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष 21 .15 करोड़ था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में पिछले वर्ष की तुलना में 34 .7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 23 .7 करोड़ तक पहुंच गई। वहीं, फिनो पेमेंट्स बैंक के राजस्व में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 461.3 करोड़ तक पहुंच गया। राजस्व वृद्धि का मुख्य कारण इसके डिजिटल भुगतान व्यवसाय में मजबूत वृद्धि थी, जिसने कुल राजस्व में 24 प्रतिशत का योगदान दिया। एबिटा में पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 60 .2 करोड़ तक पहुंच गया। दिसंबर तिमाही के दौरान बैंक के ग्राहकों की संख्या में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.34 करोड़ तक पहुंच गई।

# हरित इस्पात अनिवार्य करने से 2030 तक 1.6 करोड़ टन मांग संभव

## सरकारी परियोजनाओं में लगभग 3.16 करोड़ टन स्टील की होती है खपत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकारी परियोजनाओं में हरित इस्पात का इस्तेमाल 26 प्रतिशत तक अनिवार्य करने से 2030 तक 1.6 करोड़ टन तक ग्रीन स्टील की मांग बढ़ सकती है। इससे एक तरफ जहां कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी, वहीं दूसरी तरफ घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। सीआईआई-ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा विकसित और क्लाइमेट कैटालिस्ट द्वारा समर्थित उद्योग तत्परता आकलन रिपोर्ट में पाया गया है कि हरित इस्पात को अनिवार्य किये जाने पर देश हरित इस्पात की सार्वजनिक खरीद (जीपीपी) व्यवस्था को अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस कदम से वित्त वर्ष 2027-28 से प्रमाणित निम्न-कार्बन इस्पात के लिए देश का पहला बड़े पैमाने पर, सुनिश्चित बाजार बनाने में मदद मिल सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक खरीद पर प्रतिवर्ष लगभग 45 से 50 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं और सरकारी परियोजनाओं में लगभग 3.16 करोड़ टन स्टील की खपत होती है। इससे वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग सात करोड़ टन कार्बन (सीओ2) उत्सर्जन हुआ।



अध्ययन के अनुसार, यदि केवल 26 प्रतिशत का मामूली अनिवार्य लक्ष्य भी तय किया जाए तो वित्त वर्ष 2029-30 तक प्राथमिक और द्वितीयक इस्पात उत्पादकों से 1.6 करोड़ टन प्रमाणित ग्रीन स्टील की मांग उत्पन्न हो सकती है। इससे देश में उद्योगों में कार्बन उत्सर्जन में तेजी से कमी लाने में मदद मिलेगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता भी मजबूत होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर यह लक्ष्य और बढ़ाकर 37 प्रतिशत रखा जाए तो मांग 2.4 करोड़ टन तक पहुंच सकती है। इससे 2030 तक 2.97 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है। सीआईआई के कार्यकारी निदेशक और ग्लोबल इकोलेबलिंग नेटवर्क बोर्ड के चेयरमैन के.एस. वेंकटगिरी ने कहा, हरित सार्वजनिक खरीद नीति से भारत के इस्पात उद्योग को कम-कार्बन उत्सर्जन वाले उत्पादन की ओर ले जाने में मदद मिलेगी। इससे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी, बाजार में हरित इस्पात को बढ़ावा मिलेगा और नई प्रौद्योगिकियों में निवेश बढ़ेगा। उन्होंने कहा, यह नीति इस्पात उद्योग की प्रतिस्पर्धा भी मजबूत करेगी और भारत के जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप है। क्लाइमेट कैटलिस्ट की निदेशक साक्षी बलानी ने कहा, यह अध्ययन एक बात बिल्कुल साफ कर देता है कि अगर सरकार हरित इस्पात के इस्तेमाल का एक स्पष्ट नियम बना दे, तो देश का इस्पात क्षेत्र किसी भी सरकारी सब्सिडी या नई प्रौद्योगिकी से कहीं ज्यादा तेजी से बदल सकता है। जीपीपी (हरित इस्पात की सार्वजनिक खरीद) वह जरूरी संकेत है जिससे तुरंत प्रदूषण (उत्सर्जन) कम हो सकता है और बड़े पैमाने पर निवेश के रास्ते खुल सकते हैं।



# बिना इनकम टैक्स के दुबई बना इतना अमीर, सरकार करती है अरबों की कमाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में दुबई अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल और टैक्स-फ्री सैलरी के लिए जाना जाता है। आम तौर पर किसी भी देश की सरकार अपनी जनता से वसूले गए इनकम टैक्स से चलती है लेकिन दुबई में यह नियम लागू नहीं होता। इसके बावजूद दुबई का इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी खजाना दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक है। आखिर बिना इनकम टैक्स के दुबई इतना अमीर कैसे है आइए समझते हैं इसकी कमाई के 4 मुख्य स्तंभ। वीजा और परमिटः दुबई में रहने वाले लाखों प्रवासियों को वीजा, रेजिडेंसी परमिट और वर्क ऑथराइजेशन के लिए भारी फीस चुकानी पड़ती है। सख्त फाइन सिस्टमः ट्रैफिक नियमों या सार्वजनिक नियमों को तोने पर यहां का ऑटोमेटेड सिस्टम भारी जुमार्ना वसूलता है जो सीधे सरकारी खजाने में जाता है। भले ही आम आदमी की सैलरी पर टैक्स न हो लेकिन बे बिजनेस और मुनाफे पर सरकार की नजर रहती हैः होटलों में रुकने, रेस्तरां में खाना खाने और मनोरंजन गतिविधियों पर सरकार टूरिज्म लेवी वसूलती है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। यहां से गुजरने वाला हर यात्री डिपार्चर और सर्विस चार्ज देता है जिससे सरकार को अरबों की कमाई होती है। दुबई सरकार खुद कई विश्व स्तरीय कंपनियों की मालिक है जो सीधे लाभ कमाकर खजाना भरती हैंः रियल एस्टेट निवेशः बुर्ज खलीफा जैसी प्रतिष्ठित इमारतों और बे कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के जरिए सरकार लीजिंग और निवेश से मोटी कमाई करती है।

# लोग सोना गिरवी कर धड़ल्ले से ले रहे हैं लोन

## एक ही महीने में सवैया हुआ गोल्ड लोन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है और इसके साथ ही गोल्ड लोन में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिली है। जनवरी में इसमें 128 फीसदी तेजी आई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 91 फीसदी बढ़ा था। आरबीआई के शुक्रवार को आए आंकड़ों में यह बात सामने आई है। गोल्ड जूलरी के अगेंस्ट आउटस्टेंडिंग लोन पहली पार 4 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। 31 जनवरी तक यह 4,00,517 करोड़ रुपये था।

जनवरी में बैंक क्रेडिट ग्रोथ 14.4 प्रतिशत रही। आंकड़ों के मुताबिक पर्सनल लोन बाकी सभी सेगमेंट पर भारी रहा। 34.5 फीसदी के साथ बैंक क्रेडिट में इसकी एक तिहाई हिस्सेदारी है। इसके बाद सर्विसेज का नंबर है जिसमें एनबीएफसी को लेंडिंग में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। इंक्रिमेंटल बैंक क्रेडिट में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी 9 फीसदी रही। 26 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2026 के बीच आउटस्टेंडिंग क्रेडिट में 3.1 लाख करोड़ रुपये की तेजी आई है। पिछले दो साल में सोने की कीमत में 152 फीसदी तेजी आई है। साल के पहले महीने में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में 62 फीसदी तेजी आई। आरबीआई ने बैंकों के लिए इस सेक्टर को लोन देना अनिवार्य कैटगरी में डाल रखा है। जनवरी में एक्सपोर्ट क्रेडिट में 17.2 फीसदी गिरावट आई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 7 फीसदी बढ़ा था। अमेरिकी टैरिफ में बदलाव के कारण ऐसा हुआ है। ओवरऑल नॉन-फूड क्रेडिट 14 फीसदी बढ़ा। एक साल पहले इसमें 11 फीसदी तेजी आई थी। रिटेल लोन में जनवरी में 15 फीसदी तेजी आई जबकि पिछले साल यह 12 फीसदी बढ़ा था।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगा, 28 रुपए बढे दाम

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। इस फैसले से रेस्टोरेंट, होटल और छोटे व्यवसायों की लागत बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नई दरें देश के प्रमुख महानगरों में लागू हो गई हैं। राजधानी दिल्ली में अब 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1768.50 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 1740.50 रुपये थी। यानी उपभोक्ताओं को अब 28 रुपये अधिक चुकाने होंगे। वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 1844.50 रुपये से बढ़कर 1875.50 रुपये हो गई है। मुंबई में नया रेट 1720.50 रुपये तय किया गया है, जो पहले 1692 रुपये था। इसी तरह चेन्नई में कमर्शियल सिलेंडर 1899.50 रुपये से बढ़कर 1929 रुपये पर पहुंच गया है। हालांकि, आम उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में यह अब भी 853 रुपये में उपलब्ध है।

# पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी**

एजेंसी

**मुंबई।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस




तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं।

तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दशाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

# भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह मिलाजुला रुझान देखा गया

**सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर एक फीसदी से अधिक तेजी रही**

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह मिश्रित रुझान दिखाया, जिसमें शुरूआती मजबूती के बाद मध्य और अंत में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजार के कमजोर संकेतों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रही, निवेशकों का नजरिया तेजी से सतर्क हो गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष ने भी बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है। इस तनाव की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। जिससे सप्ताह के आखिर में शेयर बाजार में एक फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। सप्ताह की शुरूआत सोमवार को हरे निशान से हुई, जब वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंक एवं



सेवा क्षेत्र में खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स ने 621.78 अंकों की बढ़त के साथ 83,436.49 पर, जबकि एनएसई निफ्टी 180.05 अंकों की तेजी के साथ 25,751.30 पर कारोबार शुरू किया। दिन के अंत तक सेंसेक्स 479.95 अंक और निफ्टी 141.75 अंक ऊपर बंद हुए। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने वैश्विक व्यापार की धाराओं को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिससे निवेशकों का मनोबल बढ़ा। मंगलवार को बाजार में अचानक गिरावट देखने को मिली। एआई से जुड़े संभावित व्यवधानों और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते सेंसेक्स 525.29 अंक गिरकर 82,769.37 पर और निफ्टी 145.85 अंक घटकर 25,567.15 पर खुला। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,068.74 अंक और निफ्टी 288.35 अंक गिरकर सप्ताह के शुरूआती उत्साह को झटका लगा। बुधवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में थोड़ी बढ़त देखी गई, लेकिन दिन के अंत में सूचकांक केवल मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। गुरुवार को आईटी शेयरों में खरीदारी और विदेशी फंड प्रवाह ने शुरूआती कारोबार में बाजार को बढ़त दिलाई। हालांकि, दिनभर उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 27.46 अंक गिरकर और निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर सपाट बंद हुए। शुक्रवार को वैश्विक बाजारों में कमजोरी और विदेशी फंडों की नई निकासी के चलते दोनों प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही।

# इजरायल-अमेरिका तनाव से सोना-चांदी में बड़ी उछाल की उम्मीद

एजेंसी

**मुंबई।** इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका ने शनिवार तड़के ईरान पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई की, जिसके बाद मिडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक तनाव तेजी से बढ़ गया है। हमले की खबर से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बन गया है और निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार को भारतीय कमोडिटी बाजार बंद थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज हलचल देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोना लगभग 2 प्रतिशत चढ़कर 5,296.40 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ, जबकि चांदी में करीब 8



प्रतिशत की तेजी आई और यह 93.82 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते तनाव के कारण सोमवार को भारतीय बाजारों में सोना-चांदी गैप-अप खुल सकते हैं। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोना 1,61,971 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,81,990 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों के अनुसार यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना 5,300 डॉलर का स्तर पार करता है तो भारत में इसकी कीमत 1,68,000 से 1,70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती है। वहीं चांदी 95 डॉलर के ऊपर टिकने पर 100 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है, जिससे घरेलू बाजार में कीमत 3,00,000 रुपये प्रति किलो के करीब जा सकती है। हालांकि विशेषज्ञ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि यदि तनाव और बढ़ता है तो कीमतों में और तेजी संभव है, लेकिन कूटनीतिक समाधान की स्थिति में गिरावट भी आ सकती है। इसलिए निवेशकों को जोखिम प्रबंधन के साथ रणनीति बनानी चाहिए।

## कोकरोचों-कोकरोचों



रामदेव बड़ाईक, रांची

कोकरोचों-कोकरोचों,
चेरे - बेरे रे,
भेलक भिनसार उठा, छउवा मन रे।
दिसा-मयदान जावा,
दोइन दने रे,
डोइर-बालटीन लेवा, नहाय
आवा रे।
बनलक भात-दाइल,
खाय लेवा रे,
बेरा भेलक होल, इस्कूल जावा रे।
पइढ़-लिख आबा तले,
फेइर खाबा रे,
तोहरे मन तले फोदा, खेले जाबा रे।
खेइल - कुंइद आबा पढ़े,
बइस जाबा रे,
बियारी खाबा तले, सुइत जाबा रे।

# आईएनएस तरंगिनी श्रीलंका कर त्रिंकोमाली पहुंचलक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**श्रीलंका।** भारतीय नौसेना कर परसिछन पोत आईएनएस तरंगिनी 27 फरवरी 2026 के परसिछन दौरा में श्रीलंका कर त्रिंकोमाली पत्तन में पहुंचलक। श्रीलंका नौसेना कर पूरबी नौसेना छेतर कर प्रतिनिधिमन पोत कर गर्मजोसी से सोवागत करलयं। ई दौरा विशाखापत्तनम में आयोजित अंतर्रास्ट्रीय बेड़ा समीछा 2026 में पोत कर हालिया भागीदारी कर बाद भेइ हे। पत्तन में रुकेक कर दौरान, तरंगिनी कर कमांडिंग ऑफिसर पूरबी नौसेना छेतर कर डिप्टी कमांडर कमोडोर हरिथा जयदेवथे से भेंट करलयं आउर नौकायन परसिछन में सहजोग कर अवसर उपरे चरचा करलयं। पोत श्रीलंकाई रछा करमी, उनकर परिवार आउर परसिछु अधिकारीमन के पोत में परिचयात्मक दौरा ले आमंत्रित करलयं। पोत कर पत्तन में रुकेक आर कर दौरान सामुदायिक सहभागिता गतिबिधि आउर परसिछ्न आदान-प्रदान कर जोजना बनाल जाए हे। श्रीलंका नौसेना आउर समुद्री अकादमी से चयनित परसिछु अधिकारी तरंगिनी पोत से कोलंबो कर जात्रा में रवाना होंबयं। ई जात्रा कर दौरान, परसिछुमन के नौकायन परसिछन कर बिभिन्न पहलु से



अवगत कराल जाई। आईएनएस तरंगिनी कर ई दौरा भारतीय नौसेना आउर श्रीलंका नौसेना कर बीच ढेइर दिन से चलते आवत समुद्री संबंध आउर बढ़त सहजोग के देखायला।






# रांची विश्वविद्यालय कर कुंडुख बिभाग कर ऐतिहासिक पूर्ववर्ती छातर मिलन समारोह संपन्न

## डीएसडब्ल्यू कहलयं - एकताय हामरेक ताकइक

सोनू सपवार

रांची। रांची विश्वविद्यालय कर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा (टीआरएल) संकाय अंतर्गत विश्वविद्यालय कुंडुख बिभाग में ऐतिहासिक पूर्ववर्ती छातर (एलुमनाई) सम्मेलन कर भव्य आयोजन करल गेलक। बछर 1980 में बिभाग कर स्थापना कर बाद ई दूसर अवसर रहे जखन लगभग 200 पूर्ब छातर-छातरामन कर महाजुटान एके मंच में भेलक। कार्जकरम भावनात्मक स्मृति, बौधिक बिमर्स आउर सामूहिक संकल्प कर साछी बनलक। कार्जकरम कर संचालन आउर गोतियामन कर सोवागत बिभागाध्यछ डॉ. बन्दे खलखो करलयं। धन्यवाद गेयापन प्राध्यापक डॉ. हेमन्त टोप्पो प्रस्तुत करलयं। कार्जकरम कर सुरुआत दीया जलाय के आउर गोतियामन के फूल कर गोइछा, अंग बस्त्र आउर परतीक चिनहा देइ के करल गेलक। मुध गोतिया डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार साहु कहलयं कि अइसन आयोजन बर्तमान छातर-छातरामन के नवा डहर आउर प्रेरना देवेला। ऊ कहलयं कि टीआरएल संकाय झारखंड आंदोलन कर दौर में भासा, संस्कृति आउर अस्मिता कर बौद्धिक मार्गदरसन कर मुध केंद्र रईह हे। ऊ दृढ़ स्वर में कहलयं कि हमिन के आपन एकता के बनाए राखेक हय आउर आपन मातृभासा के टूटेक से बचायेक हय।

कार्जकरम कर अध्यछता करते टीआरएल कर पूर्ब बिभागाध्यछ सह समन्वयक डॉ. हरि उरांव कहलयं कि विश्वविद्यालय कुँडुख बिभाग कर पुरना बिद्यार्थी आइज बिभिन्न छेतर में उल्लेखनीय जोगदान देवत हयं। ई मिलन उनकर जोगदान के सम्मानित करेक आउर साझा स्मृति के पुनर्जीवित करेक कर ऐतिहासिक अवसर आहे। ऊ कुंडुख भासा आउर साहित कर उत्तरोत्तर बिकास उपरे बिस्तार से चरचा करलयं।






बिसिस्ट गोतिया डॉ. बीरेन्द्र कुमार महतो कहलयं कि ई आयोजन खली स्मृति कर उत्सव नई, मुदा सामूहिक अस्मिता कर संकल्प आहे। भासा खली पाठ्यक्रम कर बिसय नई, मुदा हमरे कर लोकजीवन, संस्कृति आउर पहचान कर धड़कन आहे। जुदा-जुदा बिभाग में रहेक कर बावजूद हमिन कर चट्टानी एकता बनल रहेक चाही। संगठित रईह के हमिन आपन भासा आउर संस्कृति कर रछा कइर सकीला, डॉ. किशोर सुरिन इके कुंडुख बिभाग कर महतपूर्न उपलब्धि बताते कहलयं कि ई आयोजन पुराना छातर आउर बर्तमान सिछकमन कर बीच ससक्त सेतु कर काम करी। ऊ भावुक अंदाज में कहलयं, कहियो कछा कर बात, कहियो हँसी कर ठहाका, कहियो संघर्स, कहियो सपना कर फाके, समय बदले, मकिल रिसता नई टूटे। हड़जोड़ा में फिन दिल से दिल जुड़े।

ई अवसर में बिभागीय पत्रिका हड़जोड़ा आउर डॉ. बीरेन्द्र कुमार महतो कर नवा पुस्तक सइर फूल कर लोकारपन करल गेलक। कार्जकरम कर सुरुआत बिभाग कर छातर-छातरामन कर द्वारा प्रस्तुत सोवागत गान से भेलक। मिलन समारोह में बिभाग से




सिछित होए के बिभिन्न सरकारी आउर गैर-सरकारी संस्थान में कार्जरत पूर्ववर्ती छातर-छातरामन आपन स्मृति साझा करलयं। डॉ. अरुण अमित तिग्गा, डॉ. कीर्ति मिंज, डॉ. बीरेंद्र उरांव, प्रो. धीरज उरांव, डॉ. राधिका कुमारी, डॉ. विकास उरांव, विजय रंजीत एक्का, प्रियंका उरांव, नवल किशोर भगत, प्रो. सोमरा उरांव, दुलारी कुमारी, लक्ष्मण उरांव आउर महावीर उरांव संजुक्त रूप से कुंडुख भासा कर इतिहास, साहित आउर सांस्कृतिक परंपरा उपरे परकास डाललयं।

संगे कुंडुख भासा के संविधान कर आठवीं अनुसूची में सामिल करुवायेक ले संगठित पहल करेक कर आान करल गेलक। आखरी में आवल छातर, सोधार्थीमन आउर सिछकमन के स्मृति चिन्ह भेंट कइर के सम्मानित करल गेलक। समारोह में पूर्ववर्ती आउर बर्तमान छातर-छातरामन, सोधार्थी आउर सिछकमन बड़ संख्या में पहुंचल रहयं। कार्जकरम ई स्पस्ट संदेस देलक कि भासा, संस्कृति आउर अस्मिता कर रछा ले एकता सउबसे बड़ सक्ति आहे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक इस्कूल में पूर्ब छात्र मिलन समारोह कर आयोजन

## स्मृति आउर उपलब्धि कर उत्सव मनाल गेलक



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक इस्कूल 1 मार्च 2026 के पहिल पूर्ब छात्र सम्मेलन आयोजित करल गेलक। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल टाइटन्स पूर्व छात्र मिलन सीरसक से आयोजित ई समारोह में बिभिन्न बछर कर पूर्ब छात्र जमा होलयं। स्मृति आउर उपलब्धि कर उत्सव मनाल गेलक। बिद्यालय कर प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर कहलयं कि हमिन कर पूर्ब छात्र ई संस्थान कर गौरव हयं। उनकर उपलब्धि बिद्यालय कर आदर्स आउर दृष्टिकोन कर ससक्त अभिबेक्ति आहे।

समारोह में संस्मरन-परक सत्र, मनोरंजक गतिबिधि, आत्मीय अभिबेक्ति आउर स्मृतियों की पगडंडी नाव कर बिसेस प्रस्तुति सउब के आपन स्वर्णिम छात्र जिनगी कर दने घुराय देलक। नृत्य-उत्सव समारोह में उत्साह आउर आनंद कर संचार करलयं। ऑक्सफोर्ड समूह संस्थान कर चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता कहलयं कि केऊ भी संस्थान कर बास्तविक मूल्यांकन उकर बिद्यार्थीमन कर उपलब्धि आउर संस्कार से होवेला। हमिन के खुसी आहे कि हमिन कर पूर्ब छात्र बिबिध छेतर में उत्कृस्टता







प्राप्त कइर के आपन मातृसंस्थान से जुड़ल आहे। देस कर नाव गौरवान्वित करत हयं।

समूह कर सैछिक निदेसिका डॉ. सिमी मेहता भी पूर्ब छात्रमन के बर्तमान बिद्यार्थीमन ले मार्गदरसक आउर आदर्स बनेक ले प्रेरित करलयं। सैछिक समन्वयक रवि शेखर कहलयं कि ई सम्मेलन खली पुनर्मिलन नई, बलकि आजीवन संबंध कर सुदृढ़ीकरन कर प्रतीक आहे।

सत्र 2005 कर छात्र कनक कान्त, सत्र 2020 कर छात्रा सुश्री तथ्या गौतम, सत्र 2018 कर छात्र मुकेश कुमार दास, सत्र 2016 कर छात्रा सुश्री ज्योत्स्ना आनंद, सत्र 2023 कर छात्रा मानसी कुमारी, सत्र 2023 कर छात्रा श्रेया ज्योति वर्मा आउर 2009 कर पूर्णिमा कुमारी आपन बिचार राखलयं। सत्र 2017 कर छात्रा डॉ. स्नेहा भारती आउर छात्र शशि राज, 2019 कर कुनाल आनंद, 2023 कर अनुब्रत सरकार, 2020 कर सुश्री इशिता रे आउर सत्र 2021 कर सुश्री युक्ता प्रिया संगे अनेक पूर्ब छात्रमन बिद्यालय कर सैछिक परंपरा आउर अनुस-ासन कर जानकारी देलयं।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में वृंदावन कर तर्ज में भेलक होली मिलन


## राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी, आइज बिरज में होली रे रसिया



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पुंदाग इस्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन सतरंगी होली मिलन समारोह कर आयोजन करल गेलक। वृंदावन कर तर्ज में रंग, गुलाल आउर फूल कर सुगंध से गोटा मंदिर प्रांगन सराबोर होए उठलक। समारोह में कोलकाता से आवल कलाकारमन राधा-कृष्ण उपरे आधारित मनोहारी नृत्य-नाटिका आउर जीवंत झांकी कर प्रस्तुति देलयं, जे आवल सरधालुमन कर मन मोइह लेलक। फूल कर होली कार्जकरम कर मुध आकरसन रहे। इकर में सरधालुमन पुस्प बरसा कर बीच रंग बरसे वृंदावन धाम आउर आज बिरज में होली रे रसिया जैसन भजन उपरे भावबिभोर होए के भाग लेलयं। संगीतमय भजन सांझ में भजन गायक मनीष सोनी आउर अन्य परसिध कलाकारमन होली कर पारंपरिक आउर ब्रज सइली कर भजन से बाताबरन के भक्तिरस में डुबाय देलयं।

मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडे बिधि-बिधान से पूजा-अर्चना आउर महाभोग अर्पित करल गेलक। महाभोग में केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव, पेड़ा, मेवा, मालपुआ, फल, पंजीरी संगे बिबिध ब्यंजन कर भोग लगाल गेलक। पूजा-अर्चना कर बाद महापरसाद कर



बितरन करल गेलक, जेकर में 2 हजार से बेसी सरधालुमन परसाद गरहन करलयं। ट्रस्ट कर प्रवक्ता संजय सर्राफ बतालयं कि ई अवसर में डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, नवल अग्रवाल, सुनील पोद्दार, महेश पोद्दार जगदीश अग्रवाल, दीपक चौधरी, सुरेश चौधरी, मनीष जालान, अशोक लाठ, दिलीप अग्रवाल, प्रभास गोयल,



सुरेश भगत मौजूद रहे। इकर अलावा पवन पोद्दार, विद्या देवी अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया,सुनीता अग्रवाल, शोभा जालान, मीनू पाड़िया, मनीषा जालान, संतोष देवी अग्रवाल, आशा मुंजाल, शीला मुरारका, शकुंतला केजरीवाल, सीता शर्मा, सरोज पोद्दार, किरण पोद्दार, किरण वर्णवाल, शारदा पोद्दार, ललिता पोद्दार, मनीषा जालान, दीपिका मोतिका, बिमला जालान, करुणा गाडोदिया, सरिता अग्रवाल, सुमिता लाठ, रमाबाई संगे बड़ संख्या में महिला, पुरुस आवल रहयं।

## बाबू



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

बाबू, जे काम के करेक में
आनाकानी करे लाइग ही,
राउरे कुछ निही बस
फुटानी करे लाइग ही।

रहत नखे भुइंया में गोड़
का चांद तरिगन बदरी
आसमानी करे लाइग ही,
अपन मनमानी करे लाइग ही।

पढ़े कहले कहिला
नोकरी में का राखल है,
तो खोइरे - खोइर
का प्रधानी करे लाइग ही।

करजा लेके सुट - बूट
लाल साहब लखे,
देखावा टाटा,अंबानी
मालया डहर धरे लाइग ही।

दिन राईत फेसबुक
इंस्टाग्राम में बाइझ,
उमइर अपन पार करे लाइग ही,
जिनगी से खेलवाड़ करे लाइग
ही।

बनेक रहे नेक
या मांय बाप ले चेक,
राउरे तो नासा कइर
अपन जिनगी सिराय लाइग ही।

बाबू,जे काम के करेक में
आनाकानी करे लाइग ही,
राउरे कुछ निही बस
फुटानी करे लाइग ही।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com